हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 4 जुलाई 2026
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




YOU'RE WARMLY INVITED TO THE
GRAND
INAUGURATION
OF
TONI&GUY™
essensuals HAIRDRESSING
SALON BILASPUR
HAIR | BEAUTY | NAILS | SPA
Join us for an evening of
style and glamour with
CELEBRITY GUEST
ISHA
KOPPIKAR
DATE
4TH JULY 2026
SATURDAY
TIME
6:00 PM
ONWARDS
VENUE
TOPAZ HOTEL
IMLIPARA ROAD , BILASPUR
With Best Compliments
TOPAZ HOTEL
little sugar Bakery
masalaas Fine Dine Restaurant
Sankalp® The Taste of South
7696301595
P AT IMLIPARA ROAD

तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 4 जुलाई 2026



तेलीपारा दरबार लॉज के पीछे अधूरे नाली निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे से यहां के रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।






## खबर संक्षेप

### सहकारिता सप्ताह पर संगोष्ठी आज

**बिलासपुर।** सहकारिता सप्ताह 2026 का आयोजन 29 जून से 6 जुलाई तक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के द्वारा सहकारिता संगोष्ठी का आयोजन बिलासपुर गृह निर्माण सहकारी समिति सभागार में बृहस्पति बाजार में 4 जुलाई को शाम 4 बजे से होगा। बैंक के प्रबंध संचालक ने बताया कि संगोष्ठी में बैजनाथ चंद्राकर, मंगतराय अग्रवाल, मुरलीधर शर्मा अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक अग्रवाल करेंगे। इस अवसर पर शशि धर्मजीत सिंह, चंद्र प्रकाश जांगड़े, संचालकों में नारायण आवटी, मनोज भंडारी, अनिल खंडेलवाल, डा. अलका शर्मा, डा. सोमनाथ यादव, राजकुमार पमनानी, सीताराम जायसवाल, टी माइत्रा, बीबी अग्रवाल होंगे।

### पानी टंकी की सफाई आज

**बिलासपुर।** शान्ति नगर की पानी टंकी की सफाई 4 जुलाई शनिवार को की जाएगी। इसके कारण इस टंकी से सप्लाई होने वाले क्षेत्रों शांतिनगर, शिद्ध शिखर, ठेठा डाबरी, शुभम विहार, मंगला चौक क्षेत्र, मिनोचा कॉलोनी एवं कस्तूरबा नगर के क्षेत्रों में शाम को पानी सप्लाई नहीं होगी।

### सड़क की गुणवत्ता के साथ इसकी ड्राइंग डिजाइन पर भी सवाल उठने शुरू

# 94 करोड़ की रिवर व्यू सड़क में पानी भरा, धंसने के साथ कई जगहों पर दरारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

94 करोड़ खर्च कर अरपा किनारे बनाई गई न्यू रिवर व्यू वाली सड़क में पानी भर रहा है। इस कारण सड़क धंसने लगी है और सड़क में दरारें भी हो गई हैं। सड़क की गुणवत्ता के साथ ही अब इसकी ड्राइंड डिजाइन पर भी सवाल उठने शुरू हो गए हैं। 600 मीटर की यह सड़क बीच में तीन-चार जगहों से धंस रही है। जल्द ही ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है। शुक्रवार की सुबह मार्निंग वाक के लिए पहुंचे शहरवासियों ने इसकी शिकायत निगम से की है। निगम आयुक्त ने जांच कर कार्रवाई की बात भी कही है।

गौरतलब है कि अरपा के दोनों किनारों पर 1800-1800 मीटर फोरलेन रोड के निर्माण के लिए साल 2021 में 100 करोड़ का वर्क आर्डर किया गया था। इसका काम फरवरी 2023 तक पूर्ण हो जाना था, लेकिन इसमें देरी हुई। इसके बाद स्मार्ट सिटी ने फैसला लिया है कि प्रथम चरण में इंदिरा सेतु से पुराने पुल तक नदी के दोनों किनारे 600-600 मीटर रोड निर्माण किया जाएगा। इसमें चांटापारा तरफ की 600 मीटर का काम पूरा किया गया है तो सरकंडा की तरफ का काम जारी है।

**जल्द ही ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है, लोगों ने की शिकायत**



**नाली ऊपर बना दी, सड़क नीचे**





लोगों के मुताबिक रिवर व्यू स्थित न्यू स्मार्ट रोड पर हुई निर्माण संबंधी खामियों के कारण हल्की बारिश में ही सड़क किनारे और फुटपाथ पर पानी जमा होने लगा है। इससे प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक, दौड़ एवं व्यायाम के लिए आने वाले हजारों नागरिकों को भारी परेशानी हो रही है। दरअसल यहां नाली उपर बना दी गई है तो सड़क नीचे है। यही नहीं सड़क और फुटपाथ का निर्माण इस प्रकार किया गया है कि वर्षा का पानी उचित ढंग से नालियों तक नहीं पहुंच पा रहा है। कई स्थानों पर पानी लंबे समय तक जमा हो रहा है, इससे पैदल चलना मुश्किल हो गया है। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा गया कि कुछ स्थानों पर बनी जल निकासी (ड्रेनेज) व्यवस्था प्रभावी नहीं है, जिसके कारण पानी सड़क पर ही ठहर रहा है।

### ड्राइंग, डिजाइन को लेकर शुरू से विवाद

ध्यान रहे कि 'अरपा उत्थान और तट संवर्धन' के नाम से नदी के दोनों किनारे रोड और नाला निर्माण की योजना बनाई गई थी। इसके लिए फंड बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा उपलब्ध कराया गया। प्रोजेक्ट की ड्राइंग, डिजाइन को लेकर शुरू से ही विवाद की स्थिति रही। सड़क के पीछे नेहरू चौक से देवकीनंदन चौक की ओर जाने वाली तीन सड़कें क्रमशः राममंदिर, पूर्व विधायक बलराम सिंह के निवास के बाजू वाली रोड तथा कोन्हेर उद्यान से नाऊपारा वाली रोड पहुंचती है। इनमें से लेकिन एकमात्र राममंदिर, तिलकनगर वाली रोड ही नई रोड से जुड़ेगी। इसकी वजह नई बन रही रोड की ऊंचाई अधिक है। ड्राइंग, डिजाइन में सुधार की मांग भी की गई थी। यही नहीं फोरलेन रोड को दोनों ओर इंदिरा सेतु और सरकंडा पुल से जोड़ा जा रहा है, वह टू लेन है। ऐसी स्थिति में दोनों पुलों पर ट्रैफिक जाम और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### रिवाइज्ड एस्टीमेट में 50 करोड़ स्वीकृति

दूसरी ओर अरपा के दोनों किनारे इंदिरा सेतु से शनिचरी रपटा तक करीब 4 किलोमीटर फोरलेन रोड बनाने का काम 100 करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद पूरा नहीं हो पाया है। अब प्रोजेक्ट के रिवाइज इस्टीमेट के मुताबिक 50 करोड़ रुपए की और स्वीकृति मिली है। इससे फोर लेन सड़क का एस्टीमेट 93.70 करोड़ से बढ़कर 140 करोड़ के पार हो गया है लेकिन अभी भी इसके समय पर पूरा होने पर संदेह है। जाहिर है कि योजना में विलंब के साथ ही उसकी लागत में भी बढ़ोतरी हो रही है। इंदिरा सेतु और पुराने अरपा पुल के पास सरकंडा की ओर तो कुछ काम होता दिखता भी है, लेकिन रपटा की तरफ पूरा काम बंद है।

### जानकारी ली जाएगी

अरपा किनारे बनाई गई न्यू रिवर व्यू वाली सड़क में पानी भरने और सड़क धंसने की कोई शिकायत तो नहीं मिली है। यदि ऐसा है तो मामला गंभीर है क्योंकि सड़क अभी तो नई ही बनी है। मौके की निरीक्षण कर जानकारी ली जाएगी। अधिकारियों के साथ ही ठेकेदार को भी बुलाया जाएगा।

- **प्रकाश कुमार सर्वे,** निगम आयुक्त

# बाढ़ से बचने खोले जाएंगे अरपा-भैंसाझार के गेट



**पेंड्रा में लगातार बारिश**

- अरपा-भैंसाझार बराज में 50 प्रतिशत जलभराव
- आगे किसी भी दुर्घटना से बचने खोले जाते हैं गेट

**बिलासपुर।** पेंड्रा में बीते कई दिनों से लगातार बारिश होने के प्रभाव से कोटा स्थित अरपा-भैंसाझार बराज के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आज की स्थिति में बराज में 50 प्रतिशत जलभराव हो चुका है, लगातार बारिश जारी रहने से बाढ़ की स्थिति से बचने सिंचाई विभाग द्वारा 5 जुलाई से बराज के गेट खोले जाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान विभाग द्वारा क्षेत्र के लोगों को चेतावनी भी जारी कर दी गई है।

एक ओर मानसून ने लगातार लेटलतीफी से जिले के किसानों को चिंतित कर दिया है, वहीं दूसरी ओर पेंड्रा में बीते कुछ दिनों में इतनी बारिश हो गई कि कोटा स्थित अरपा-भैंसाझार बांध में जलभराव 50 प्रतिशत से अधिक हो चुका है व बाढ़ की स्थिति से बचने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा 5 जुलाई से गेट खोलने की तैयारी की जा रही है। सिंचाई विभाग ने क्षेत्र के लोगों को न केवल बराज के गेट खोलने की सूचना जारी की है, बल्कि लगातार बारिश होने की स्थिति में बाढ़ से बचने ऊंचे स्थान पर जाने की सलाह भी दी है। ज्ञात हो कि पेंड्रा क्षेत्र में पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है व बारिश का सिलसिला अभी भी जारी है।

### इसलिए बीच-बीच में खोले जाते हैं गेट

अरपा-भैंसाझार बराज में अरपा नदी से जल एकत्रित होता है। इस दौरान गौरेला-पेंड्रा में होने वाली बारिश का सीधा असर बराज के जलभराव पर पड़ता है। आज की स्थिति में बराज में जलभराव 50 प्रतिशत है। वर्तमान में अगर बराज के गेट न खोलकर जलभराव शत प्रतिशत होने दिया गया, लेकिन आगे भी लगातार बारिश होते रहने की स्थिति में बराज के गेट एक साथ एकाएक खोलने पड़ेंगे, जिससे अरपा नदी पर अचानक बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाएगी, जो नुकसानदायक साबित होगी। यही कारण है कि सिंचाई विभाग द्वारा बराज में 50 से 60 प्रतिशत जलभराव होते ही गेट खोलकर जलभराव एवं बाढ़ की स्थिति को नियंत्रित किया जाता है, ताकि बाढ़ से बचाव भी किया जा सके व बराज में जलभराव भी होता रहे।

### 5 से खोले जाएंगे गेट

वर्तमान में बराज में 50 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। आगे लगातार बारिश जारी रहने की स्थिति में बाढ़ से नुकसान हो सकता है। इससे बचने पांच जुलाई से बराज के गेट खोले जाने का निर्णय लिया गया है, ताकि आगे बारिश जारी रहने की स्थिति में भी स्थिति नियंत्रण में रहे। अधिक बारिश की स्थिति में बराज के गेट खोलकर स्तर कम करने व आगे फिर बारिश से बराज में जलभराव करने का सिलसिला पूरे बारिश तक चलता रहता है।

- **डी.जायसवाल,** ईई जलसंसाधन संभाग कोटा



### जोन क्रमांक-2 एवं अतिक्रमण शाखा की संयुक्त टीम ने ताला जड़ा

# भारी हंगामे के बीच हाईटेक बस स्टैंड की 20 दुकानें सील, 4 सालों से एक करोड़ का किराया बाकी



राजस्व वसूली अभियान के दौरान कार्रवाई करने पहुंचे नगर निगम के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने राजस्व वसूली अभियान के तहत शुक्रवार को तिफरा स्थित हाईटेक बस स्टैंड में बड़ी कार्रवाई करते हुए किराया बकाया रखने वाले बस संचालकों के कार्यालयों पर ताला बंद कर दिया। जोन क्रमांक-2 एवं अतिक्रमण शाखा की संयुक्त टीम ने बस स्टैंड परिसर में स्थित 20 दुकानों-कार्यालयों को सील कर दिया।

निगम के मुताबिक 2022 से किराया नहीं चुकाने वाले इन बस संचालकों पर करीब एक करोड़ रुपए का बकाया है। कार्रवाई के दौरान बस संचालकों ने जमकर विरोध और हंगामा भी किया। दरअसल वर्ष 2022 में हाईटेक बस स्टैंड नगर निगम के अधीन आने के बाद परिसर में संचालित दुकानों एवं कार्यालयों का किराया नियमित रूप से निगम को जमा किया जाना था। इसके बावजूद संबंधित बस संचालकों द्वारा लगातार किराया जमा नहीं किया गया। नगर निगम द्वारा समय-समय पर सूचना एवं भुगतान के लिए अवसर दिए जाने के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं करने पर यह कार्रवाई की गई। नगर निगम के अनुसार संबंधित बस संचालकों पर लगभग एक करोड़ रुपए का किराया बकाया है।

यह दुकानें एवं कार्यालय बस संचालन एवं टिकट बुकिंग सहित अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के लिए उपयोग किए जा रहे थे। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जब तक समस्त बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा, तब तक इन कार्यालयों पर ताला बंदी की कार्रवाई जारी रहेगी।

### 2022 से है निगम का आधिपत्य

ज्ञात हो कि सितंबर 2022 में सीएसआईडीसी ने बस स्टैंड का आधिपत्य नगर निगम को सौंप दिया था। इसके बाद से बस स्टैंड सहित वहां की दुकानें निगम की मिल्कियत हो चुकी हैं, परंतु निगम उसका समुचित उपयोग नहीं कर पा रहा है। अधिकांश दुकानों का किराया भी सीएसआईडीसी के कार्यकाल से लंबित है। निगम का दावा है कि नोटिस के बाद कुछ वसूली प्राप्त हुई है, परंतु अभी भी बकाया शेष है। निगम के अनुसार नए बस स्टैंड में 52 दुकानें हैं इनमें से 32 का आबंटन किया जा चुका है। शेष के विक्रय का प्रस्ताव संपदा विभाग को भेजा गया है। दुकानों की नीलामी शीघ्र की जाएगी। बस आपरेटरों से शुल्क तथा दुकानदारों से बकाया किराया की वसूली की जा रही है।

| इन पर हुई कार्रवाई | बकाया राशि |
|---|---|
| सोहेल शर्मा, वंदे मातरम बस सर्विस | 753261 रुपए |
| प्रो. शाहनवाज, खान बस सर्विस | 753261 रुपए |
| प्रो अली अहमद, राजधानी बस सर्विस | 753261 रुपए |
| प्रो अरूण लाठ, सर्वमंगला बस सर्विस | 753261 रुपए |
| प्रो जितेन्द्र यादव, हनुमान ट्रेवलर्स | 753261 रुपए |
| प्रो अलीरजा, कैपिटल बस सर्विस | 2385187 रुपए |
| प्रो. गुरदीप सिंह, कस्तूरिया बस सर्विस | 2385187 रुपए |
| प्रो निलिमा दुबे, दुबे ट्रेवलर्स सर्विस | 2385187 रुपए |
| प्रो, इस्तियाक अहमद, आदर्स बस सर्विस | 1097314 रुपए |
| प्रो भोला प्रसाद, श्री आशीष ट्रेवलर्स | 2385187 रुपए |
| शिव सिंह ठाकूर, शिव बस सर्विस | 1144815 रुपए |
| प्रो भंजन सिंह, यश ट्रेवलर्स, हितेश ट्रेवलर्स | 1144815 रुपए |
| प्रो हरबेस सिंह खनूजा, जुनेजा बस सर्विस | 1144815 रुपए |
| में रितीका बस सर्विस, प्रो नीरज राय सर्विस | 1097314 रुपए |
| प्रो अखिलेश पाठक, पाठक बस सर्विस | 945810 रुपए |
| प्रो लक्की यादव, यादव बस सर्विस | 753261 रुपए |
| प्रो लक्की यादव, यादव बस सर्विस | 753261 रुपए |
| प्रो राकेश कुर्रे जयेश बस सर्विस | 2385187 रुपए |

## शैल वस्त्रालय की 'लूटमार सेल' ने मचाई धूम

बिजनेस प्लस



**बिलासपुर ।** फैशन डेस्टिनेशन शैल वस्त्रालय में वर्ष की सबसे बहुप्रतीक्षित लूटमार सेल 2026 का शुभारंभ 3 जुलाई से हो गया है। हर वर्ष की तरह इस बार भी ग्राहकों में इस सेल को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

इस विशेष सेल में ग्राहकों को साड़ियों पर 60% तक की छूट, कुर्ती, कॉर्ड सेट, जींस एवं टॉप्स पर बाय वन गेट वन फ्री, चयनित उत्पादों पर बाय टू गेट वन फ्री, तथा पुरुषों के एथनिक वियर एवं लहंगों पर 50% तक की छूट का लाभ मिल रहा है। ऐसे आकर्षक ऑफर्स वर्ष में केवल एक बार ही उपलब्ध होते हैं, जिसका इंतजार ग्राहक पूरे साल करते हैं। सेल के प्रारंभ होते ही बड़ी संख्या में ग्राहक शैल वस्त्रालय पहुंच रहे हैं और शानदार ऑफर्स का लाभ उठाकर बेहद उत्साहित एवं संतुष्ट नजर आ रहे हैं। ग्राहकों का कहना है कि शैल वस्त्रालय की लूटमार सेल उनके परिवार की वार्षिक खरीदारी का सबसे पसंदीदा अवसर बन चुकी है। शैल वस्त्रालय के संचालकों ने कहा यह लूटमार सेल केवल एक व्यापारिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारे ग्राहकों के प्रति प्रेम, विश्वास और सेवा का प्रतीक है।

हेल्थ प्लस

## प्रथम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया शुभारंभ



**बिलासपुर।** प्रथम हॉस्पिटल के प्रथम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलगहना का शुभारंभ सिद्ध बाबा शिवानंद महाराज ने किया। क्षेत्र के चिकित्सा जगत में आज का दिन एक मील का पत्थर साबित हुआ।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी खास पहचान रखने वाले 'प्रथम हॉस्पिटल' ने आज अपने सेवा विस्तार में एक और नया अध्याय जोड़ते हुए 'प्रथम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेलगहना' का शुभारंभ किया। इसका उद्घाटन पूज्य सिद्ध बाबा शिवानंद महाराज ने किया। उद्घाटन अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का भी आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श के साथ-साथ मुफ्त दवाइयाँ भी वितरित की गईं। इस अवसर पर प्रथम हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. रजनीश पांडेय ने कहा कि आज प्रथम हॉस्पिटल के सेवा पथ पर एक नया अध्याय शुरू हुआ है। डॉ. रजनीश पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध कराई जा रही आधुनिक सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाएँ।

# दस-दस ट्रैक्टरों में एक साथ रेत का अवैध खनन और परिवहन



**बिलासपुर।** दर्रीघाट पुल के नीचे दस-दस ट्रैक्टर एक साथ रेत के अवैध खनन व परिवहन में लगे हैं। यह काम रात के अंधेरे में चोरी-छिपे नहीं, बल्कि डंके की चोट पर दिन-दहाड़े किया जा रहा है। रेत माफिया की दबंगई देखकर ऐसा जान पड़ता है कि पुलिस, प्रशासन या खनिज विभाग का इनके भीतर जरा भी खौफ नहीं है।

■ दिन-दहाड़े हो रही रेत की अवैध खुदाई

जिला प्रशासन द्वारा रेत के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण को रोकने चाहे जितनी भी टीम बना ली जाए, लेकिन अवैध खनन को लेकर माफियाओं के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। बारिश अब होने लगी है। इसके कारण नदियों में कम ही सही, लेकिन जलप्रवाह दिखने लगा है। इसके विपरीत रेत खनन करने वाले अब भी शांत नहीं हैं। शुक्रवार को दर्रीघाट पुल के ठीक नीचे दस से बारह ट्रैक्टर दिन दहाड़े रेत की अवैध खुदाई व परिवहन में लगे रहे। पूरे दिन रेत माफियाओं का फिलहाल यही काम है। नदी में पानी का प्रवाह तेज होने से पहले रेत माफिया मनमानी रेत निकालकर अधिकाधिक लाभ कमाना चाहते हैं, ताकि अगले चार महीने तक बैठकर खा सकें। ऐसा बिल्कुल नहीं है कि खनिज विभाग और उनकी टीम काम नहीं कर रही है। विभाग द्वारा लगातार छापामारी कार्रवाई करते हुए अवैध खनन, परिवहन व भंडारण में लिप्त वाहनों व मशीनों की जब्ती भी कर रही है, लेकिन इसके बाद भी रेत के अवैध व्यवसाय से जुड़े लोगों में कार्रवाई को लेकर जो डर दिखना चाहिए वह दिख नहीं रहा है।

रेत माफिया अपनी इच्छा से दिन, रात या किसी भी समय किसी भी घाट पर खनन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। रेत चोरों की इन्हीं हरकतों के कारण खनिज विभाग के द्वारा पेनाल्टी के रूप में वसूल की जाने वाली राशि में बढ़ोतरी करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिसे फिलहाल स्वीकृति नहीं मिल सकी है।

### कार्रवाई की जाएगी

खनिज विभाग की टीम रेत के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरूद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। इस दौरान टीम को बड़ी सफलता भी मिल रही है। दर्रीघाट के आसपास भी औचक जांच कर धरपकड़ की कार्रवाई की जाएगी।

-किशोर कुमार गोलघाटे
उपसंचालक खनिज विभाग

# दो गुटों मे जमकर मारपीट वीडियो वायरल, जांच शुरू

### दो गुटों का हाईवोल्टेज हंगामा कैमरे में कैद



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात दो गुटों के बीच बस स्टैंड के पास सिटी सेंटर में जमकर विवाद होता रहा, इस दौरान दोनों पक्षों ने गाली-गलौज करते हुए तनावपूर्ण माहौल पैदा कर दिया । आसपास के लोगों ने घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

■ वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने शुरू की जांच

वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक के दौरान माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया था। स्थिति ऐसी बन गई थी कि किसी भी समय बड़ा विवाद या हिंसक घटना हो सकती थी। हालांकि मौके पर कोई गंभीर घटना नहीं हुई लेकिन घटनास्थल पर मौजूद लोगों में दहशत का माहौल बन गया और आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

मामले में सिटी कोतवाली सीएसपी व आईपीएस गगन कुमार ने बताया कि वायरल विडियो की जांच की जा रही है, मामले में अभी एफआईआर नहीं आई है, लेकिन दोषियों की पहचान के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## गर्भावस्था के दौरान क्या करें : डा. सोमा



**बिलासपुर।** मंगला चौक स्थित सृजन आईवीएफ हास्पिटल की संचालक डा. सोमा घोषाल चटर्जी ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान माँ और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार, पर्याप्त आराम और डॉक्टर की सलाह का पालन करना सबसे ज़रूरी है। उ न्होंने बताया कि हेल्दी डाइट के लिए अपनी थाली में ताज़े फल, हरी सब्ज़ियाँ, साबुत अनाज और प्रोटीन (दालें, अंडे, मछली) को शामिल करे। हाइड्रेटेड रहने के लिए दिन भर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो।

**विटामिन और सप्लीमेंट्स:** डॉक्टर द्वारा बताए गएआयरन, कैल्शियम, औरफोलिक एसिडके सप्लीमेंट्स समय पर लेना चाहिए। डा. सोमा ने बताया कि नियमित चेकअपःसमय-समय पर अपने डॉक्टर से मिलें और ज़रूरी अल्ट्रासाउंड व टेस्ट करवाएं। हल्का व्यायाम खुद को सक्रिय रखने के लिए डॉक्टर की सलाह से हल्की वॉक, योग या स्ट्रेचिंग करें। इसके साथ ही उन्होंने कुछ सावधानी भी बरतने का सुझाव दिया है। इसमें नशीले पदार्थों से बचें, शराब, धूम्रपान, और किसी भी प्रकार के तंबाकू के सेवन से दूर रहें। कैफीन सीमित करें चाय या कॉफ़ी का अत्यधिक सेवन करने से बचें। अधपका खाना न खाएं ःकच्चा या आधा पका हुआ मांस, अंडे या बिना पाश्चराइज्ड दूध और चीज़ के सेवन से बचना चाहिए।

**बिना डॉक्टर की दवा न लें:** कोई भी पेनकिलर या ओवर-द-काउंटर दवा अपनी मर्जी से न लें, हमेशा डॉक्टर से पूछें। भारी इसके अलावा वजन उठाना भारी सामान उठाने, खतरनाक खेलों और बहुत ज़्यादा थकान वाले कामों से बचना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए सृजन आईवीएफ हॉस्पिटल, मंगला चौक, 36 सिटी मॉल के सामने, एक्सिस बैंक के ऊपर, बिलासपुर से संपर्क कर सकते हैं।

# सीयू के केमेस्ट्री डिपार्टमेंट में हंगामा

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के केमेस्ट्री डिपार्टमेंट में शुक्रवार को काफी हंगामा हुआ। इस डिपार्टमेंट में तीन लैब हैं, किन्तु तीनों लैब को बंद कर दिया गया है। इसके चलते रिसर्च स्कालर प्रैक्टिकल अपना शोध कार्य नहीं कर पा रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर रिसर्च स्कालर छात्र-छात्राओं में भारी नाराजगी है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के केमेस्ट्री डिपार्टमेंट में पिछले दिनों एक घटना हो गई थी। केमेस्ट्री डिपार्टमेंट के लैब में एक रिसर्च स्कालर छात्रा ने केमिकल जहर पी लिया था और छात्रा को गंभीर हालत में शहर के एक अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया था जहां पर उसका ईलाज हुआ। चूंकि यह

■ लैब बंद होने से प्रैक्टिकल नहीं कर पा रहे रिसर्च स्कालर

आत्महत्या की कोशिश मामला बताया जा रहा था इसलिए इस घटना के बाद यूनिवर्सिटी ने डिपार्टमेंट के तीनों लैब को बंद कर दिया है और लैब में ताला लटक रहा है। यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से इस मामले में जांच के लिए कमेटी भी बनाई गई है, जिसमें प्रो. मनीष श्रीवास्तव, डॉ. भारती अहिरवार, प्रो. एमएन त्रिपाठी, डॉ. सीमा राय शामिल हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि इस मामले की जांच के चलते ही डिपार्टमेंट के लैब को बंद रखा गया है। लैब बंद होने से रिसर्च स्कालर छात्र-छात्राएं अपना शोध कार्य, प्रैक्टिकल नहीं कर पा रहे हैं। इसी से नाराज छात्रों ने आज केमेस्ट्री डिपार्टमेंट के शिक्षकों को अपनी समस्या से अवगत कराया, किन्तु वहां से उन्हें कोई संतोषप्रद जवाब नहीं मिला। इन छात्रों ने लैब खुलवाने की मांग की।

# वीआईपी की मांग केंवची गेट से प्रवेश करने की, प्रबंधन ने किया दरकिनार

**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व में शिवतराई की तरह केंवची की ओर से भी एक नया गेट का निर्माण करना प्रबंधन के लिए सिरदर्द बन गया है। यहां जनप्रतिनिधियों के अलावा कई वीआईपी आने-जाने के लिए गेट खोलने की मांग करने लगे हैं, लेकिन बारिश में कोर जोन का रास्ता बंद होने और वन्यप्राणियों पर खतरे की आशंका को देखते हुए प्रबंधन ने अनुमति देने से इंकार कर दिया है।

प्रबंधन के अनुसार कोर जोन में प्रवेश करने के लिए सैलानियों को पहले शिवतराई के बेरियर में रूकने के बाद अपनी गाड़ियों को छोड़कर जिप्सी में भ्रमण करने की अनुमति है, लेकिन लोरमी के रास्ते से जाकड़बांधा होते हुए कोर जोन के सुरही रेंज में प्रवेश के लिए बेरियर होने के बाद भी कुछ लोग बैरियर गार्ड की लापरवाही के कारण अंदर प्रवेश कर रहे थे।

### गेट खोलना संभव नहीं

केंवची का गेट वर्तमान में बनाया गया है, जहां से भ्रमण करने वाले सैलानियों को पूरी जांच के बाद ही अंदर जाने की अनुमति होगी। जनप्रतिनिधियों के अलावा कई वीआईपी वर्तमान में केंवची गेट को ओपन करने की मांग कर रहे हैं, यह रास्ता बिरनावल और कोर जोन का है। इसके कारण गेट को ओपन करना संभव नहीं है।

**-अभिनव कुमार**, प्रभारी डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

## चौकसे के छात्रों को मिला 12 लाख का पैकेज

एजुकेशन प्लस









**बिलासपुर।** चौकसे इंजीनियरिंग कालेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसमें 12 लाख का सर्वाधिक पैकेज दिया गया है। इसके डायरेक्टर ने बताया कि अंतिम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत दर्ज किया है। महाविद्यालय के सभी अंतिम वर्ष के विद्यार्थी सफल घोषित हुए जिससे परिसर में उत्साह का माहौल है।

महाविद्यालय द्वारा जारी परीक्षा परिणाम के अनुसार प्रथम स्थान विद्यार्थियों में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग से सी. लावण्या राव ने 92.2%, डेटा साइंस से लोकेश कुमार ने 90.7%, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग से अरुण यादव ने 83.7%, मैकेनिकल इंजीनियरिंग से विक्की ने 83%, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग से प्रभा निषाद ने 87.6%, सिविल इंजीनियरिंग से टाकेश कुमार ध्रुव ने 80.1% तथा मशीन लर्निंग से पूजा कौशिक ने 89.2% अंक प्राप्त कर अपने-अपने विभाग में प्रथम स्थान हासिल किया। इस वर्ष अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए, जिसमें 12 लाख रुपये प्रति वर्ष का सर्वाधिक पैकेज दर्ज किया गया। प्राचार्य डॉ नितिन जैन महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### कांग्रेस ने उठाया महिलाओं को एल्डरमैन नहीं बनाने का मुद्दा

# निगम एल्डरमैनों की नियुक्ति को लेकर उठा विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में एल्डरमैनों की नियुक्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। एल्डरमैन नहीं बनाए जाने से नाराज महापौर के एक समर्थक ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने किसी महिला को एल्डरमैन नहीं बनाए जाने का मुद्दा उठाते हुए आपत्ति की है।

■ महापौर समर्थक ने दिया इस्तीफा

बिलासपुर नगर निगम में गुरुवार को 11 एल्डरमैनों की नियुक्ति हुई है। इस नियुक्ति में भाजपा संगठन और विधायकों की चली है, लेकिन एल्डरमैनों की सूची आने के बाद कई भाजपा कार्यकर्ता नाराज हो उठे हैं।




चर्चा है कि ठेकेदारी करने वाले से लेकर जमीन, प्लाटिंग का करने वाले तथा कांग्रेस से आए लोगों को एल्डरमैन बनाए जाने से कई भाजपाई भीतर-भीतर नाराज हैं। वहीं एल्डरमैन नहीं बनाए जाने से नाराज होकर महापौर के एक समर्थक निर्मल जीवनानी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। एल्डरमैनों की सूची जारी होने के बाद रात में ही निर्मल ने भाजपा जिलाध्यक्ष के नाम पत्र लिखकर इस्तीफा दे दिया और यह पत्र सोशल मीडिया में वायरल भी होने लगा था। निर्मल तोरवा से पूर्व पार्षद एवं पूर्वी मंडल से भाजपा अध्यक्ष रहे हैं। उन्होंने अपने पत्र में भाजपा के सभी पदों से मुक्त करने लिखा है।

खबर तो यह भी है कि इसी तरह कई और भाजपाई एल्डरमैनों की सूची को लेकर नाराज चल रहे हैं और उनके समझ में नहीं आ रहा है कि पार्टी के लिए काम करने वाले निष्ठावान कार्यकर्ताओं के बजाए ठेकेदारी या बिल्डर जमीन का काम करने वाले जैसे लोगों को तव्वजों दिया गया है।

### महिलाओं की उपेक्षा का आरोप

इधर नगर निगम में एल्डरमैनों की नियुक्ति सूची को लेकर कांग्रेस ने भी तीखा हमला बोला है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा ने अपना बयान जारी कर भाजपा सरकार द्वारा जारी इस सूची पर विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि बिलासपुर जैसे प्रमुख शहर में एक भी महिला को एल्डरमैन के रूप में स्थान न देना देश की आधी आबादी का घोर अपमान है। यह भाजपा की कथनी और करनी के अंतर को उजागर करता है।

## सामाजिक समरसता के प्रतीक थे बीआर यादव



**बिलासपुर।** स्व. बीआर यादव अविभाजित मध्यप्रदेश के ऐसे मंत्री थे जो सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। उनका जितना राजनैतिक जीवन था उससे कम अभी मेरी उम्र है। उक्ताशय के विचार बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने स्व. बी.आर. यादव की जयंती के अवसर पर व्यक्त किए।


उन्होंने कहा कि श्री यादव के नाम से जो स्टेडियम है उन्हें भव्य बनाने का संकल्प है। उनके नाम से जो स्टेडियम है उसे उनके नाम के अनुरुप भव्य बनाकर उनकी मूर्ति उस जगह पर स्थापित की जाएगी। इस अवसर पर राकेश शर्मा ने कहा कि स्व.श्री यादव ने अपने कार्यकाल में खेल गतिविधियों को संचालित करने के लिए अधिक से अधिक धनराशि उपलब्ध कराई। इस अवसर पर डॉ. कालीचरण यादव ने बताया कि स्व. बी.आर. यादव जनसेवक के साथ—साथ संस्कृति प्रेमी भी थे। इस अवसर पर, बुधराम यादव, सतीश यादव, कृष्ण कुमार यादव, धन्नू यादव, टीकाराम यादव, जशवंत लाल यादव, सैय्यद जफर अली, राकेश शर्मा, रामचंद्र यादव, शिवचरण यादव, अभिमन्यू यादव, सुरेश यादव, संतोष यादव, संजय यादव, तिजऊ यादव, प्रेमलाल यादव, रामसनेही यादव, विनोद यादव, भरत यादव, मोहित राम यादव, आर.पी. यादव, सतीश यादव, मनोज यादव, तेरस यादव, सुभाष ठाकुर, शिवसिंह ठाकुर, गणेश राम यादव, चनद्रिका प्रसाद यादव, लक्ष्मी यादव, चनद्रिका यादव, गणेशराम यादव, राधेश्याम साहू नन्हें लाल यादव, जी.आर. यादव, संदीप यादव, सरफराज अहमद, हरिशचंद्र भोई, दिनेश सीरिया आदि मौजूद थे।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 4 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

धर्म-क्षेत्र

## बागेश्वरधाम हिन्दू राष्ट्र सुंदर कांड मंडल आज करेगा गौ सेवा

**बिलासपुर।** बागेश्वरधाम हिन्दू राष्ट्र सुंदर कांड मंडल बिलासपुर द्वारा बागेश्वरधाम सरकार पूज्य गुरूदेव पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के अवतरण दिवस पर शनिवार 4 जुलाई को विविध कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत नंदिनी गौशाला गोकुल नगर में गौ सेवा में




प्रातः साढ़े 7 से 9 बजे तक गौ माता की पूजा-अर्चना की हनुमान चालीसा का पाठ कर आरती की जाएगी। इसके बाद शासकीय हाईस्कूल सैदा में बच्चों को कॉपी, पेन, फल, बिस्किट व हनुमान चालीसा का वितरण किया जाएगा। शाम को सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसाद वितरित किए जाएंगे। मंडल के मुख्य प्रभारी प्रतिमा श्रीवास्तव ने गुरुदेव के अवतरण दिवस पर सेवा, भक्ति व संस्कार के साथ इन सभी आयोजनों से जुड़ कर इस पावन अवसर को सफल बनाने एवं सेवा, संस्कार व साधना का संकल्प लेने का आग्रह सभी सदस्यों से किया है।

नियुक्ति

## हेल्थ केयर के अध्यक्ष बने प्रवीण सचिव शेखर, कोषाध्यक्ष परमजीत







**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर संकल्प एवं हेल्थ केयर की बैठक में सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। सर्वसम्मति से प्रवीण खंडुजा को अध्यक्ष, सीए शेखर रेड्डी को सचिव तथा परमजीत सिंह उबेजा को कोषाध्यक्ष चुना गया।

नई कार्यकारिणी में प्रथम उपाध्यक्ष के रूप में ए. श्रीराम, द्वितीय उपाध्यक्ष के रूप में शंकर आहूजा तथा तृतीय उपाध्यक्ष के रूप में शेखर रेड्डी को दायित्व सौंपा गया। टेल ट्विस्टर के रूप में दलजीत सिंह राजपाल एवं जनसंपर्क अधिकारी प्रमोद वर्मा नियुक्त किए गए। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में नितिन सलूजा, बी. महेश, डिसूजा सर, राजेश मिश्रा, रोहन शाह, दीपक सिंह, प्रमोद वर्मा, आलोक सूर्या एवं कमल टुटेजा को शामिल किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में पवीण सलूजा, हरदीप सिंह होरा आदि को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री खंडुजा ने कहा कि क्लब समाज सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगा। नई टीम ने वर्ष 2026-27 के दौरान 50 से अधिक सेवा गतिविधियों का आयोजन करने का संकल्प लिया है।

आयोजन

## आनंद निकेतन में शाला प्रवेशोत्सव पर गणवेश, शिक्षण सामग्री वितरित



**बिलासपुर।** आनंद-निकेनत श्रवण बाधित विद्यालय वेयर हाऊस रोड में बच्चों को तिलक लगा, आरती उतार कर पुष्प वर्षा के साथ शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। साथ ही लीनेस क्लब बिलासपुर मेन की ओर से बच्चों को गणवेश व शिक्षण सामग्री प्रदान की गई। संस्था के अध्यक्ष वीना अग्रवाल, प्राचार्या शोभना शुक्ला, क्लब अध्यक्ष सावित्री जायसवाल सहित क्लब के अन्य पदाधिकारियों ने बच्चों को अच्छे भविष्य की शुभकामना देते हुए उनके शिक्षण, प्रशिक्षण एवं पुनर्वास में समर्पित भाव से सहयोग देने की बात कही। पर्यावरण जागृति के अंतर्गत लीनेस क्लब बिलासपुर मेन द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। अंत में सभी को मिष्ठान्न वितरित कर मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर किशन बुधिया, चित्रा कांस्कर, शोभा चाहिल, गायत्री कश्यप, भारती तिवारी, सलमा बेगम, पूर्णिमा, संध्या, ललिता कश्यप, शालेय स्टॉफ एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव सत्यभामा अवस्थी एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्या सुश्री शुक्ला ने किया।

एग्जाम

## छग कर्मचारी चयन मंडल की उप अंकेक्षक भर्ती परीक्षा कल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आगामी 5 जुलाई को जगदलपुर शहर के तीन परीक्षा केंद्रों में सहकारिता विभाग के अंतर्गत उप अंकेक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया है। जिसके तहत शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा




जगदलपुर, झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज धरमपुरा जगदलपुर और दंतेश्वरी पीजी कॉलेज शांति नगर जगदलपुर में उक्त परीक्षा 5 जुलाई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से ठीक ढाई घंटे पहले अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना अनिवार्य होगा, जहां मुख्य द्वार पर ही मेटल डिटेक्टर के माध्यम से सभी की सघन जांच की जाएगी। इसके बाद वहां तैनात वीक्षकों द्वारा परीक्षार्थियों के मूल प्रवेश पत्र और उनके साथ लाए गए किसी भी एक वैध पहचान पत्र के सत्यापन की कार्रवाई की जाएगी। नियमों के तहत परीक्षार्थियों को इंटरनेट से निकाला हुआ साफ-सुथरा मूल प्रवेश पत्र लाना जरूरी है और यदि किसी छात्र के प्रवेश पत्र में फोटो स्पष्ट नहीं है, तो उन्हें अपने साथ वर्तमान समय की दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लाने के निर्देश दिए गए हैं।

# संकष्टी चतुर्थी पर अभिषेक, गणपति हवन कर की गई आरती

शहर के गणेश मंदिरों में शुक्रवार को संकष्टी चतुर्थी पर विशेष पूजा-अर्चना कर भोग लगाए गए। गणपति हवन, अभिषेक, आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। भगवान का दर्शन करने श्रद्धालु भक्तों की मंदिरों में भारी भीड़ रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी कहा जाता है। इस दिन विघ्नहर्ता भगवान गणेश के कृष्णपिंगल स्वरूप की पूजा की जाती है। माना जाता है कि इस व्रत को करने से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं। बुद्धि व समृद्धि की प्राप्ति होती है। यह व्रत विशेष रूप से परिवार की सुख-शांति, संतान की रक्षा और समस्याओं के निवारण के लिए अत्यंत फलदायी माना गया है।

व्रत की महत्ता को देखते हुए कई लोगों ने सुबह जल्दी उठकर स्नान के बाद व्रत का संकल्प लिया। ॐ गं गणपतये नमः मंत्र का जाप कर भोग लगाए। रात्रि में चंद्रोदय के समय चंद्रमा को जल या दूध से अर्घ्य देकर व्रत का पारण किए। चतुर्थी के दिन चन्द्र दर्शन को बहुत ही शुभ माना जाता है। चन्द्रोदय के बाद ही व्रत पूर्ण होता है। व्रत रखने वालों की संतान संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं। धन तथा कर्ज संबंधी समस्याओं का समाधान होता है।



### गणेश मंदिरों में विशेष पूजा कर लगाए गए मोदक के भोग



**सहस्त्रनाम अर्चना कर बांटे गए प्रसाद**

रेल्वे स्थित सुमुख गणेश मंदिर में संकष्टी चतुर्थी की पूजा में सुबह 6 से साढ़े 7 बजे तक गणपति हवन, सुबह साढ़े 7 से 9 बजे तक अभिषेक, सहस्त्रनाम अर्चना कर आरती की गई। 9 से साढ़े 10 बजे तक भक्तजनों ने दर्शन किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। वहीं शाम को 6 से साढ़े 7 बजे तक अभिषेक, सहस्त्रनाम अर्चना कर आरती की गई। साढ़े 7 से रात 10 बजे तक भक्तों ने दर्शन किया। रात्रि में प्रसाद वितरण किया गया।

**समर्पित है भगवान गणेश को**

संकष्टी चतुर्थी भगवान गणेश को समर्पित है। हिंदू पंचांग के अनुसार हर महीने में दो चतुर्थी होती हैं। पूर्णिमा के बाद आने वाली कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को संकष्टी चतुर्थी कहते हैं। इस दिन भगवान गणेश और चंद्र देव की उपासना करने का विधान है। ऐसा करने से हर तरह के संकट दूर हो जाते हैं।

# बच्चों ने कतरनों से बनाया आकर्षक कोलाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### डीपीएस के प्री-प्राइमरी विंग में आयोजन

दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर के प्री-प्राइमरी विंग में शुक्रवार को कोलाज एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इसमें नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने भाग लेकर विभिन्न रंगों, चित्रों में कतरनों से सुंदर कोलाज बनाया।

इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक विचारधारा और कल्पना शक्ति को सामने लाना है। शिक्षिकाओं ने छात्रों के कार्यों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। यह गतिविधि सभी बच्चों के लिए मनोरंजक और उत्साहवर्धक रही। इस गतिविधि की निर्णायक मंडल में शिक्षिका पूर्णिमा भट्टाचार्य एवं रमा मुखर्जी शामिल रहीं। उन्होंने उचित निर्णय परक किया। नर्सरी में नायरा मगवानी, सुनिष्का मिश्रा, अयान कौशिक, अरुणोदय प्रताप सिंह, सम्यक कौशिक, श्रीनिका रंजन, पृषा वर्मा, आर्ना तांटी, एलकेजी में अवनी सूर्यवंशी, गुरबानी कौर गुंबर, घनीश पमनानी, अयांश चिमनानी, अदृति सिंह, आरव हरियाणी, काव्या यादव, ओजस्वी श्याम, यूकेजी में विहान मिश्रा, दृष्टि कश्यप, अव्यान सिंहा, श्री अग्रवाल, अद्वीत जायसवाल, टियाना ऋषि, दिव्यांश विश्वकर्मा, इवांशिका सिंह परिहार विजेता रहे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य जसपाल सिंह मथ एवं प्रशासनिक अधिकारी आर.सी मोहंती ने इस गतिविधि को सराहनीय बताया। ज्ञात हो कि इस विद्यालय में इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन प्रत्येक माह किया जाता है जो बच्चों के विकास व मनोरंजन में सहायक होता है।



## लायंस क्लब बिलासपुर गोल्ड ने किया डॉक्टरों का सम्मान

**बिलासपुर।** डॉक्टर्स डे पर लायंस क्लब बिलासपुर गोल्ड ने उमंग हॉस्पिटल में एक समारोह आयोजित किया। इसमें उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने वाले चिकित्सकों का गुलदस्ता, शॉल एवं स्मृति चिंह भेंट कर सम्मान किया गया।

सम्मानित होने वालों में डॉ गीतिका, डॉ जोशी, डॉ उषा, डॉ श्रुति आदि शामिल रहे। इस अवसर पर उनके चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, सेवा-भाव एवं मानवता के प्रति समर्पण की सराहना की गई। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष शशि बरेठ, कोषाध्यक्ष, बलजीत कौर अजमानी, प्रियंका जैन, चुन्नी मौर्य, मानसी अग्रवाल, आरती अनंत एवं कशिश की उपस्थिति रही। सभी सदस्यों ने सम्मानित चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की तथा उनके स्वस्थ, सफल व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# 21वीं सदी का 'विकलांग विमर्श' पुस्तक का विमोचन

## विकलांगता के प्रति संवेदनशीलता को करेगा रेखांकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में शुक्रवार को 21वीं सदी का 'विकलांग विमर्श' का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ विनय कुमार पाठक ने कहा कि यह पुस्तक समकालीन समाज में विकलांगता के प्रति संवेदनशीलता और नए दृष्टिकोण को रेखांकित करने में एक मील का पत्थर साबित होगा।




कार्यक्रम के आरंभ में डॉ इसाबेला लकड़ा ने अतिथियों का परिचय दिया। डॉ शोभा महिश्वर ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि डॉ केके भण्डारी ने कहा कि समाज को जागरूक करने भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों की नितांत आवश्यकता है। मदनमोहन अग्रवाल ने अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद् के उद्देश्य, कार्यो और सामाजिक योगदान से परिचित कराया। प्राचार्य डॉ नंदिनी तिवारी ने कहा कि जो लोग दूसरे के प्रति मानवता का व्यवहार नहीं करते, असल में वही विकलांग है। संपादन मण्डल में डॉ इसाबेला लकड़ा, डॉ बेला महंत एवं डॉ दीपिका महोबिया शामिल रहीं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ बेला महंत एवं आभार प्रदर्शन डॉ अर्चना शुक्ला ने किया। इस अवसर पर डॉ डॉ. शशिकला सिन्हा, डॉ. डीके.शुक्ला, डॉ सुरेखा देवांगन, डॉ वंदना राठौर, डॉ अनूपा तिर्की, डॉ ललिता साहू, आनंद कुमार, संजय गुप्ता सहित अन्य सभी महाविद्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।



## वसुंधरा संस्था ने पौधारोपण कर मनाया ग्रीन डे, छाया व फलदार पौधे लगाए गए

**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा ने अपने सत्र के प्रारंभ अवसर पर सरकंडा स्थित सोनगंगा कॉलोनी में पीपल, बरगद, नीम, जामुन, बिही आदि छाया व फलदार पौधों का रोपण किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डिस्ट्रिक्ट माइक्रो चेयरपर्सन बी महेश कुमार जिनका विषय पर्यावरण है, को छायादार पौधे भेंट किए गए। यह पहल जल एवं पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत वसुंधरा परिवार की ओर से की गई। पौधे एकत्र करने में सलमा बेगम और रीजन चेयरपर्सन अर्चना तिवारी का योगदान रहा। इसके अलावा अन्य सभी अतिथियों को तुलसी के पौधे का वितरण किया गया। साथ ही यह संदेश दिया गया कि पर्यावरण संरक्षण हेतु यदि छोटे पौधे लगाकर हम इसकी शुरुआत करें तो पर्यावरण और जल दोनों ही सुरक्षित होंगे।

इस मौके पर अध्यक्ष संजना मिश्रा, सचिव मंजू मिश्रा, कोषाध्यक्ष गायत्री कश्यप, जोन चेयरपर्सन रश्मि लता मिश्रा, सुधा परिहार शोभा चाहिल, उषा मुदलियार, चांदनी सक्सेना, किरण बाजपेई, शोभा त्रिपाठी उपस्थित थे।

कार्नर न्यूज

### युवा आर्टिस्ट भी बदलते दौर में म्यूरल आर्ट से संवार रहे करियर, स्टार्टअप से रोजगार के खुले द्वार

# घर और ऑफिस को थ्रीडी वॉल पेंटिंग दे रहे डिफरेंट लुक

शहर में घर-आफिस ही नहीं, इनकी दीवारों को भी 2डी, 3डी म्यूरल वर्क से लोग अब खास तरह की कलाकृतियों को सजाने में रुचि ले रहे हैं। इन दिनों श्रीकृष्ण-राधा, बांसुरी के साथ मोरपंख और शिवजी-पार्वती के स्वरूप को वॉल पेंटिंग का हिस्सा बनाने के लिए ज्यादा आर्डर करने लगे हैं। बड़े संस्थानों में संस्थापकों की फोटो नहीं, बल्कि उनकी थ्रीडी पेंटिंग बनवाने लगे हैं। आर्टिस्टों की मानें तो शहर में पांच सौ से भी ज्यादा युवा ग्रुप बनाकर इसे स्टार्टअप की तरह चला रहे हैं। इससे कलाकारी के काम को भी पसंद किया जाने लगा है।'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शादी-सगाई को खास बनाने के लिए लोग मैरिज हाल, फार्म हाउस, रेस्टोरेंट को ही नहीं, बल्कि घर-आफिस के साथ ही अतिथि कक्ष को भी थ्रीडी डिजाइन में हाइपर म्यूरल से खास लुक देना पसंद कर रहे हैं। आफिसों की वॉल पेंटिंग को अब थीम बेस्ड बनाने के लिए आर्टिस्टों को आर्डर देने लगे हैं। इंटीरियर डिजाइनर्स के माध्यम से कृतियों को तराशने के लिए आर्डर मिलने लगे हैं। स्टार्टअप के रूप में थ्रीडी वॉल पेंटिंग से जुड़े युवाओं को लेकर आर्टिस्ट ने बताया कि युवाओं को जोड़ने के बाद काम शुरू किया। अभी तक सैकड़ों घरों - आफिसों को कम बजट में पेंटिंग के जरिए अनोखा लुक दिया है। अपनी पसंद और स्पेस के अनुरूप बनवाने के लिए लोग आर्डर करते हैं। अभी थ्रीडी आर्ट में हायपर लुक का क्रेज है। प्राकृतिक सौंदर्य को लोग थ्रीडी हायपर म्यूरल बनवा रहे हैं।

### श्रीकृष्ण-राधा, मोरपंख के साथ ही बनवा रहे शिव-पार्वती



**तस्वीर की जगह बनवा रहे आर्ट :** युवा अपने हाथों में गजब का हुनर रखते हैं। नए कलेवर में थ्रीडी रंगोली को भी म्यूरल आर्ट का हिस्सा बना रहे हैं। ग्रुप प्रोजेक्ट को टूडी, थ्रीडी डिजाइनिंग, वॉकथ्रू डिजाइनिंग, वीएफएक्स डिजाइनिंग के साथ जैसा क्रिएटिव वर्क हो, इंटीरियर आर्ट, गार्डन जैसे क्रिएटिव वर्क, कंस्ट्रक्शन वर्क आर्ट से रिलेटेड आस्था से जुड़े आर्ट बनवा रहे हैं।



**थीम व मटेरियल के साथ लेते हैं आर्डर**

युवा कलाकारों ने बताया कि लोग पूजा कक्ष, गेस्ट रूम के साथ ही आफिसों के मीटिंग रूम को अलग लुक देना चाहते हैं। कम बजट में खास अहसास देने के लिए लोग थ्रीडी हायपर थीम को ही पसंद करते हैं। मैरिज हाल, पैलेस, रेस्टोरेंट, होटलों में वॉल पेंटिंग का काम मिलने पर 60 रुपए से लेकर 300 रुपए प्रति वर्गफीट की दर में मनचाहा लुक देने के लिए लोग थीम खुद देते हैं। कई लोग इंटीरियर के माध्यम से काम देते हैं। अब लोग दीवारों पर मूर्तियों की जगह प्लास्टिक पेंट, पिगमेंट जैसी सामग्री से देवी-देवताओं की कृतियां बनवा रहे हैं, जिसे सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### संदीप बने जिला ग्रामीण कांग्रेस के उपाध्यक्ष



**बोदरी।** कांग्रेस जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष पद पर बिल्हा विकास खंड के बरतोरी निवासी एवं पूर्व जिला पंचायत सभापति कांग्रेस नेता संदीप यादव को जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष का स्थान दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रति वे हमेशा ही समर्पित हैं और निष्ठा भाव से कार्य करते आए हैं। पार्टी ने जो इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है वे अपनी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन करते हुए पार्टी को जमीनी तौर पर मजबूत करने के साथ-साथ कांग्रेस की नीतियों और कार्यशैली को पहुंचाने में कोई कमी नहीं रखेंगे।

### कृषक रत्न पुरस्कार के लिए मंगाए गए आवेदन

**मुंगेली।** कृषि क्षेत्र में नवाचार, उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले किसानों को सम्मानित करने के उद्देश्य से डा. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। पुरस्कार का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में नवाचार, आधुनिक तकनीकों के उपयोग और उत्कृष्ट कृषि कार्यों को प्रोत्साहित करना है, ताकि अन्य किसान भी प्रेरित होकर उन्नत खेती अपनाएं और कृषि उत्पादन एवं आय में वृद्धि कर सकें। उप संचालक कृषि कार्यालय में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक कृषकों को पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र 31 जुलाई तक कार्यालय उप संचालक कृषि, मुंगेली में जमा करना होगा। पुरस्कार से संबंधित पात्रता, चयन प्रक्रिया एवं अन्य विस्तृत जानकारी कृषि विभाग की वेबसाइट एग्रीपोर्टल डाट सीजी डाट एनआईसी डाट इन पर उपलब्ध है।

### वन विभाग ने किया सर्प बचाव दल का गठन

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में बारिश के दिनों में घरों और आसपास निकलने वाले सर्प के रेस्क्यू के लिए वन विभाग द्वारा सर्प बचाव दल का गठन किया गया है। मुंगेली विकासखण्ड के लिए हेल्पलाइन नम्बर 6263452782, 7974018627 और लोरमी विकासखण्ड के लिए 9669049793, 9285442276 जारी किया गया है, जिसमें कल कर आवश्यक सहायता के लिए त्वरित जानकारी दे सकते हैं। हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से प्राप्त जानकारी पर सर्प पकड़ने के लिए रेस्क्यू टीम को संबंधित जगहों पर भेजा जाएगा।

## निधन

### संगीता नायक



**बिलासपुर।** चांटीडीह निवासी संगीता नायक मौसी किन्नर का 1 जुलाई बुधवार को स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार मरीमाई तालापारा स्थित कब्रिस्तान में किया गया। इस अवसर पर उनके सहपाठी मंडल की सजनी नायक, तपशा बाई, सारिका बाई किन्नर इत्यादि मौजूद थे।

### प्रकाश बंजारे



**बिलासपुर।** विकास नगर वार्ड क्रमांक 8 तिफरा निवासी प्रकाश बंजारे का 2 जुलाई को निधन हो गया। वे 30 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. मंगलू बंजारे, कांति बंजारे के पुत्र, दीपक बंजारे, रवी बंजारे, सरस्वती बंजारे, रानी बंजारे के भाई थे।

### गिरीश सापरिया



**लोरमी।** वार्ड क्रमांक 13 निवासी गिरीश सापरियाका शुक्रवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार शनिवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। ये मोहन लाल सापरिया के पुत्र एवं देवेंद्र सापरिया के छोटे भाई थे।

### सफाई नहीं होने के कारण सड़कों पर आया नाली का गंदा पानी

# दिनभर होती रही बूंदाबांदी, सदर बाजार में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

गुरुवार की दोपहर से शुरू हुई बारिश शुक्रवार की देर रात तक होती रही। सुबह से झड़ी लगी रही। जुलाई की पहली बारिश से खेती–किसानी के कार्यों में तेजी आएगी। तापमान में भी कमी हुई बारिश से सदर बाजार रामानुज गेट सहित कई स्थानों पर पानी भर गया जिससे आने–जाने वालों को परेशानी होती रही।

पिछले पखवाड़े भर से पड़ रही कड़ी धूप के चलते तापमान में वृद्धि हो गई थी। देर रात्रि तक बूंदाबांदी होती रही। आज सुबह अचानक मौसम ने करवट ली। सुबह से ही आसमान में काले–काले बादल छाये रहे। आज हुई बारिश के चलते सड़कों पर पानी भर गया। सदर बाजार में पिछले वर्ष सौंदर्यीकरण के नाम पर नाली को ढंक दिया गया था। जिसमें साफ–सफाई नहीं होने के चलते आज हुई तेज बारिश में सड़कों के ऊपर पानी भर गया। जिसके चलते आने–जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि सदर बाजार में वर्षो पहले बनाई गई सड़क एवं नाली में कितनी भी तेज बारिश हो पानी नही रूकता था। किन्तु आज की हुई बारिश के चलते नाली से पानी निकासी नही होने के चलते सड़कों पर पानी भरा रहा। आज की हुई बारिश के बाद खेती किसानी के कामों में तेजी आएगी। कृषक वर्ग खाद बीज की व्यवस्था में तेजी से जुटने लगे है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी से लोग हलाकान हो रहे थे। लोगों का मानना है कि एक दो अच्छी तेज बारिश हो जाएगी तो धरती की प्यास बुझ जाएगी। आसमान में बदली छाने के बाद हुई बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली। गुरूवार की बारिश एवं रात्रि तक बूंदाबांदी होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। पानी बरसने के साथ ही खेतों में किसानों की चहल–पहल बढ़ जाएगी। पिछले एक हफ्ते से तेज धूप चुभ रही थी। गर्मी से परेशान लोग बरसात का इंतजार कर रहे थे।



बारिश से सूनी सड़क।

## पहली बारिश ने खोली व्यवस्था की पोल, सड़क पर तालाब जैसी स्थिति



**तखतपुर।** आषाढ़ माह की पहली बारिश ने तखतपुर नगर पालिका की ड्रेनेज व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी । नगर का वेलकम गेट और बेलसरी पेट्रोल पम्प के सामने तालाब जैसी स्थिति बन गई ।कुछ वाहन भी पलट गए और यात्री दुर्घटना का शिकार होते होते बच गए।

बारिश का पहला पानी ही लोगों के लिए मुसीबत बन गया ऐसी स्थिति थी कि तखतपुर नगर के प्रवेश द्वार के पास जलमग्न सड़को और गहरो गड्डो के कारण आवागमन पूरी तरह पूरी बाधित रहा। यहां से पार होते हुए एक ई रिक्शा गढ्ढे में फंस गया वहीं बेलसरी पेट्रोल पम्प के पास भरे हुए पानी को पार करते समय ईंट से भरा हुआ ट्रैक्टर पलट गया। सड़क के किनारे में घुटने भर से ज्यादा पानी जमा हो गया, पानी निकासी की कोई व्यवस्था नही की गई जिससे यात्री और चालक परेशान होते रहे।





## जरौधा स्कूल में धर्मजीत ने दी 20 लाख के विकास कार्यों की सौगात

**तखतपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जरौंधा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। विधायक धर्मजीत सिंह ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जरौंधा में 10 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण और 10 लाख की लागत से शेड निर्माण घोषणा किया।

विधायक धर्मजीत सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया तत्पश्चात नव प्रवेशी छात्राओं को तिलक लगाकर,मिष्ठान एवं पुस्तक वितरण कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य अल्का गांगुली ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया एवं अपने उद्बोधन में विद्यालय की उपलब्धियो पर प्रकाश डाला। विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। विधायक धर्मजीत सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को सदैव शिक्षा के प्रति समर्पित रहना चाहिए आज शिक्षा जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षा प्राप्त करने के बाद बच्चें नए मुकाम को प्राप्त करते है जिससे जीवन सफल और सुरक्षित रहता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य शिवेंद्र कौशिक, अश्विनी शर्मा , सीमा अश्विनी श्रीवास, मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, गुलजीत खुराना, चन्द्रशेखर पांडेय, राघवेंद्र पांडेय, पुनऊ राम साहू,दिनेश पांडे,अश्वनी श्रीवास, विश्वनाथ यादव, गायत्री मनोज साहू, राकेश रजक, सुयोग पटेल, सुश्री कृष्णा मानिकपुरी,श्रीमती आशा गुत्ता श्रीमती जैस्मिन श्रीवास, श्रीमती प्रतिभा त्रिपाठी, श्रीमती सीमा शुक्ला, श्रीमती गीता सिंह बनाकर, श्रीमती तारिणी शर्मा, बहादुर साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय टीम ने किया खाद दुकानों का निरीक्षण



**मुंगेली।** उप संचालक कृषि वीणा ठाकुर के नेतृत्व में जिला स्तरीय टीम ने जिले के विभिन्न निजी एवं सहकारी उर्वरक विक्रय केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स ठाकुर कृषि केंद्र धरदेई, सुंदर ट्रेडर्स पैण्ड्री, राजपूत कृषि केंद्र हिन्छापुर, सेवा सहकारी समिति हिन्छापुरी, मेसर्स जगदीश कृषि एजेंसी मुंगेली, मुकेश ट्रेडर्स, किरण ट्रेडर्स तथा अर्जुन सिंह ठाकुर खाद भंडार सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की गई।

निरीक्षण में सभी प्रतिष्ठानों पर निर्धारित दरों पर उर्वरकों का विक्रय किया जाना पाया गया। अधिकारियों ने किसानों से संवाद कर संतुलित उर्वरक उपयोग, समय पर खाद उठाव तथा वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों की जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया गया कि जिले में उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है, इसलिए किसी भी प्रकार की भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से ही खाद प्राप्त करें। निरीक्षण के दौरान जिला उर्वरक निरीक्षक मनहरण कुर्रे तथा उर्वरक निरीक्षक राजेश साहू उपस्थित रहे।

## बांधा सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित, गंवानी पड़ी कुर्सी



**तखतपुर।** ग्राम पंचायत बांधा की सरपंच पुनीता नंदनी मरावी के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव बहुमत से पारित हो गया। निर्धारित प्रक्रिया के तहत हुए मतदान में सरपंच के पक्ष में केवल 5 मत पड़े, जबकि 15 सदस्यों ने उनके विरोध में मतदान करते हुए अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन किया। इसके साथ ही पुनीता नंदनी मरावी का सरपंच पद पर बने रहना समाप्त हो गया।

ग्राम पंचायत बांधा में कराए गए निर्माण कार्यों, विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा अन्य प्रशासनिक कार्यों में कथित अनियमितताओं और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय की कमी को लेकर पंचायत सदस्यों ने सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। निर्धारित तिथि पर सक्षम अधिकारियों की मौजूदगी में मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें प्रस्ताव के पक्ष में स्पष्ट बहुमत मिला।

**प्रस्ताव पारित**

आवश्यक बहुमत मिलने के कारण अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया है। नियमानुसार इसकी पुष्टि कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

**शशांक शेखर शुक्ला,**
तहसीलदार, तखतपुर

## नवनियुक्त एल्डरमैन ने विधायक का जताया आभार



**तखतपुर।** स्थानीय नगर पालिका में अशोक ठाकुर, किशन सचदेव,आरती शिवहरे, सुनील देवांगन,लक्ष्मी पांडे एवं ज्ञान ठाकुर को विधायक धर्मजीत सिंह की अनुशंसा पर एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त एल्डरमैन ने तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह के प्रति आभार जताते हुए नगर पालिका में जनहित के मुद्दों को लेकर बात रखने की बात कही है। नवनियुक्त एल्डरमैन किशन सचदेव ने कहा कि हम सभी विधायक धर्मजीत सिंह के नेतृत्व और उनके मार्गदर्शन में बेहतर से बेहतर काम करने का प्रयास करेंगे साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिले इसका भी हमेशा प्रयास रहेगा।

## नपा अध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग को लेकर साध्वी पहुंचीं आईजी दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

- पूर्व में एसपी कार्यालय पहुंचकर कर चुकी हैं शिकायत



धार्मिक नगरी से जुड़े विवाद में अब नया मोड़ आ गया है। नगर पालिका अध्यक्ष लवकुश कश्यप के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाती हुई साध्वी पद्मनीपुरी राठौर बिलासपुर स्थित आईजी कार्यालय पहुंचीं और तत्काल कार्रवाई की मांग की।

साध्वी पद्मनीपुरी राठौर ने आरोप लगाया कि पुलिस अधीक्षक से शिकायत के बाद भी अब तक नपा अध्यक्ष के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष लवकुश कश्यप द्वारा उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही हैं, गाली-गलौज की जा रही है तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। ऐसे में उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर भी चिंता है। साध्वी ने आईजी कार्यालय में दिए गए आवेदन में मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे अपने समर्थकों के साथ आगे उग्र आंदोलन करने को विवश होंगी।

गौरतलब है कि इससे पहले साध्वी ने पुलिस अधीक्षक बिलासपुर को शिकायत देकर आरोप लगाया था कि 3 जून को ग्राम फुलवारीपारा स्थित भयहरण हनुमान मंदिर आश्रम में आयोजित मृत्यु भोज कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष लवकुश कश्यप ने उनके साथ संत समाज के सामने दुर्व्यवहार किया, भोजन करने से रोका, हाथ पकड़कर अभद्र व्यवहार किया तथा जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में आश्रम से जुड़े अन्य विवादों और लगातार प्रताड़ित किए जाने के भी आरोप लगाए गए हैं।

## सीसी सड़कों की मरम्मत करने के दिए गए निर्देश

**मुंगेली।** जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त हुई सीसी सड़कों की मरम्मत को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने व्यापक अभियान शुरू किया है।

कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड मुंगेली द्वारा संबंधित निर्माण एजेंसियों को निर्देश जारी कर 86 ग्रामों में लंबित सीसी रोड मरम्मत कार्य सात दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशों में स्पष्ट कहा गया है कि पाइपलाइन बिछाने के पश्चात सड़क का पुनर्स्थापन अनुबंध की अनिवार्य शर्त है। कई स्थानों पर समय पर मरम्मत नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। इसे गंभीरता से लेते हुए सभी एजेंसियों को तत्काल कार्य प्रारंभ करने और निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ सड़क मरम्मत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण नहीं करने वाली एजेंसियों के विरुद्ध अनुबंध की शर्तो के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आवश्यक होने पर सड़क निर्माण पर होने वाले व्यय की वसूली संबंधित एजेंसी की देय राशि से की जाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रें में आधारभूत अधोसंरचना मजबूत होगी और आमजन को बेहतर सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

## गुड़ फैक्ट्री में चोरीः दो फरार आरोपी गिरफ्तार

**लोरमी।** क्षेत्रांतर्गत ग्राम नवलपुर गुड़ फैक्ट्री के कमरों का ताला तोड़कर सामान चोरी करने वाले दो फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है। आरोपियों से पूर्व में चोरी गये सामान, घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार नवलपुर निवासी हेमंत कुमार कश्यप पिता राधेश्याम कश्यप उम्र 36 साल का घर से करीब एक किलोमीटर दूर खेत प्लाट में महामाया गुड़ फैक्ट्री है, जो विगत दो वर्ष से बंद है। फैक्ट्री में बने कमरों से चोरों ने बिजली सामान पार कर दिया था। मामले में पुलिस ने कुछ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन दो आरोपी फरार थे। पुलिस टीम फरार आरोपियों की लगातार पतासाजी कर रही थी। तीन जुलाई को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर दबिश देकर फरार आरोपी बीनू देवार पिता राजकुमार उम्र 24 वर्ष, करमदाता देवार पिता तारा उम्र 30 वर्ष दोनों निवासी देवारपारा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सरकण्डा तहसील व जिला–बिलासपुर (छ.ग.)**

–: सूचना :–

क./Q/ तह./रा.नि./सीमा./2026
सरकण्डा, दिनांक 02/07/2026

प्रति. 1. ए.डी.जी. रियलटी प्रा.लि. द्वारा सिद्धार्थ गुप्ता पि. दिनेश गुप्ता 2. हाशिम खान 3. गुप्ता जी 4. कृष्ण कुमार 5 पुष्पा रजक. 6. अन्य हितबद्ध पक्षकार

विषय:– सीमांकन के समय उपस्थित होने की सूचना बावत।

संदर्भ:– न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक // तह./रीडर/202 बिलासपुर, दिनांक 19/05/2026 रा.प्र.क्र.

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक/आवेदिका ए.डी. जी, रियल्टी द्वारा सिद्धार्थ गुप्ता मंगला द्वारा छ.ग. भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम मंगला प.ह.न. 35 रा.नि.म. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.न. 1323/10 रकबा. 0.1092 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार / अति. तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 07/07/2026 को सुबह / दोपहर / शाम, समय 10 से 06 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अत: आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपुर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

टीप:– विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

**राजस्व निरीक्षक सरकण्डा, तहसील बिलासपुर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 01/07/2026

प्रति, 1. आवेदक श्रीमती टुटुन विश्वास पति विनय विश्वास आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. सुरेश मिश्रा 3. कश्यप 4. विकास कुमार 5 .वालिया

विषय:– सीमांकन में उपस्थिति बाबत। एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।

संदर्भ:– न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह. / ना.तह./वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 08/06/2026

ग्राम चिल्हाटी प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 216/15 रकबा 0.0102 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक श्रीमती टुटुन विश्वस निवासी देविका विहार राजकिशोर नगर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 21/07/2026 को समय 10:00 से 05.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका बिलासपुर (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मनीराम महिलांगे पिता जनकराम महिलांगे निवासी म न 22 बरदही मोहल्ला खपरी पोस्ट बेलसरी तह. तखतपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495330 का स्थाई निवासी हूँ। जो कि मैं अपने पुत्र का पूर्व नाम गोलू महिलांगे (GOLU MAHILANGE) को परिवर्तित कर नया नाम क्रांति महिलांगे (KRANTI MAHILANGE ) रख लिया हूँ।

अत: अब से भविष्य मे मेरे पुत्र को सभी शासकीय, अर्ध शासकीय, सभी दस्तावेजों व निजी कार्यो में नया नाम क्रांति महिलांगे (KRANTI MAHILANGE) से जाना और पहचान जाए।

दिनांक: 15/06/2026

**मनीराम महिलांगे**
**पिता- जनकराम महिलांगे**
**निवासी- बरदही मोहल्ला खपरी पोस्ट बेलसरी तह. तखतपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495330**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 25/06/2026

प्रति, 1. आवेदक द्वारिका प्रसाद पिता उधोराम देवागन आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. अशोक गुप्ता 3. दिलीप 4. मोली बाई 5 .मानू चिन्टू

विषय:– सीमांकन में उपस्थिति बाबत। एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।

संदर्भ:– न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह. / ना.तह./वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 08/06/2024

ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 1552 रकबा 0.194 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक द्वारिका प्रसाद निवासी लिंगियाडीह के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 10/07/2026 को समय 10:00 से 05.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल- सिरगिट्टी तहसील- बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**- सूचना -**

**क्रमांक....../......./सीमांकन/रा0नि0/2026**
**दिनांक 03.07.2026**

**आवेदक- दिलीप साहू**, आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी- रामा रियल स्टेट द्वारा, भागीदार- संजय अग्रवाल अन्य सर्व संबंधित।

**विषय- सीमांकन/जांच में उपस्थित बाबत।**

संदर्भ- न्यायालय तहसीलदार/ना0 तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र........../तह0/ना0 तह0/ बा0...../2026.

ग्राम- तिफरा प0ह0नं0 40, रा0नि.मं0 सिरगिट्टी, तहसील व जिला- बिलासपुर स्थित भूमि ख0नं0 130/4, रकबा 0.216, हे0 के सीमांकन हेतु आवेदक **दिलीप साहू पि0 जनकराम**, निवासी, जिला- बिलासपुर के द्वारा छ0ग0 भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहसीलदसार/अति.तह./ना0 तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन/जांच दिनांक 17/07/2026 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होने एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

टीपः अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/जांच तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक- सिरगिट्टी**
**तहसील व जिला बिलासपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.../अ-6/2025-26 ग्राम-अमेरी, तहसील-सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदक अविनाश पेसवानी पिता श्री सुरेश पेसवानी निवासी शीला पार्क अपार्टमेंट राजकिशोर नगर विलासपुर, तह व जिला बिलासपुर द्वारा ग्राम मौजा अमेरी, प.ह.नं. 43, रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित वाद भूमि खसरा नंबर 454/1 रकबा 2.20 एकड़ भूमि आवेदक के दादा स्व. श्री होलाराम पिता गिंदुमल के स्वत्व एवं स्वामित्व की भूमि जिसे तोताराम पिता गेलामल के द्वारा फर्जी एवं अवैध तरीके से अपने नाम पर दर्ज करवा लिया गया था। उक्त कूट रचित एवं अवैध नामांतरण को माननीय कलेक्टर बिलासपुर छ.ग. के द्वारा तोताराम पिता गेलामल द्वारा द्वारा किये गए अवैध नामांतरण क्र 43 को अवैध घोषित करते हुए 2006 में पुनः होलाराम पिता गिदुलमल का नाम दर्ज करने का आदेश पारित किया गया है। उक्त आदेश दिनांक 28.08.2006 को पारित आदेश के आधार पर तहसीलदार सकरी के आदेश पर सभी मूल खसरे एवं उनके अंशभाग को आवेदक के दादा स्व. श्री होलाराम के नाम पर दर्ज किया जा चूका है। परन्तु खसरा 454/1 का अंश 454/36 रकबा 2000 वर्गफिट भूमि में नाम दर्ज नही हो पाया है। जो वर्तमान में अनावेदिकागण के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त वाद भूमि पर माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के आदेश दिनांक 16/08/2022 में पारित आदेश अनुसार अनावेदकगण के नाम को विलोपित आवेदक के नाम पर दर्ज किए जाने आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 17.07.2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। आज दिनांक 02.07.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार सकरी**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.../अ-6/2025-26 ग्राम-अमेरी, तहसील-सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदक अविनाश पेसवानी पिता श्री सुरेश पेसवानी निवासी शीला पार्क अपार्टमेंट राजकिशोर नगर बिलासपुर, तह व जिला बिलासपुर द्वारा ग्राम मौजा अमेरी, प.ह.नं. 43, रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित वाद भूमि खसरा नंबर 454/1 रकबा 2.20 एकड़ भूमि आवेदक के दादा स्व. श्री होलाराम पिता गिंदुमल के स्वत्व एवं स्वामित्व की भूमि जिसे तोताराम पिता गेलामल के द्वारा फर्जी एवं अवैध तरीके से अपने नाम पर दर्ज करवा लिया गया था। उक्त कूट रचित एवं अवैध नामांतरण को माननीय कलेक्टर बिलासपुर छ.ग. के द्वारा तोताराम पिता गेलामल द्वारा द्वारा किये गए अवैध नामांतरण क्र 43 को अवैध घोषित करते हुए 2006 में पुनः होलाराम पिता गिदुलमल का नाम दर्ज करने का आदेश पारित किया गया है। उक्त आदेश दिनांक 28.08.2006 को पारित आदेश के आधार पर तहसीलदार सकरी के आदेश पर सभी मूल खसरे एवं उनके अंशभाग को आवेदक के दादा स्व. श्री होलाराम के नाम पर दर्ज किया जा चूका है। परन्तु खसरा 454/1 का अंश 454/23 रकबा 0.03 एकड़ भूमि में नाम दर्ज नही हो पाया है। जो वर्तमान में अनावेदिका के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त वाद भूमि पर माननीय कलेक्टर बिलासपुर जिला बिलासपुर के रा.अपील प्र.क्र. /14/3-6/2005-06 आदेश दिनांक 28/08/2006 पक्षकार होलामल बनाम तोताराम में पारित आदेश अनुसार आवेदक के नाम पर दर्ज किए जाने आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 17.07.2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। आज दिनांक 02.07.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार सकरी**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त


New Generation®
THE COMPLETE FAMILY STORE
Raipur | Bilaspur
झमाझम
SALE
UP TO
50% OFF
★ ON YOUR FAVOURITE BRANDS ★
न्यू सीज़न, न्यू फैशन और
ऑफ़र्स झमाझम
NEW GENERATION लेकर आया है झमाझम सेल!
सभी ब्रांडेड कपड़ों पर UP TO 50% की भारी छूट.
हर स्टाइल, हर साइज़ और हर मौसम के फैशन का शानदार कलेक्शन.
BLACKBERRYS
MUFTI
spykar
KILLER
Levi's
U.S. POLO ASSN.
JUNIOR KILLER
peppermint
CRIMSOUNE CLUB
RARE RABBIT
SHECZZAR
four buttons
JACK&JONES
MINIKLUB
RARE ONES
RAREISM
By Jini Nimi
Syclone india
Line Up
RUFF
tathastu
nostrum
GINI & JONY
LAVIE
UVAAM
bambini
Archie's
LOVE KINS JEANS
CHASE
AAGAM
Manyavar
DEAL JEANS
ARROW
TADPOLE
GUSTO CLOTHING
UNIKON
Reverse X-treme
TINY BABY
& more than 100+ Brands
Follow Us at
@NEWGENERATION.SHOP_
RAIPUR: GATE NO. 4, NEW CLOTH MARKET PANDRI, RAIPUR, CG
BILASPUR: PHIL GROUP TOWER, CMD CHOWK, BILASPUR, CG
Contact No. RYP: 8889013777 | BSP: 8889013100
AdPRAYAS

## कालेज में चोरी, तीन को पुलिस ने भेजा जेल

**बिलासपुर।** करीब 2 माह पहले चौकसे कालेज परिसर में लगे आपातकालीन ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोरों ने कॉपर वायर और आयल की चोरी के मामले में तोरवा पुलिस को सफलता हाथ लगी है। चोरी को अंजाम देने वाले 3 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले के अनुसार 25 अप्रैल को कालेज का स्टाफ विकास चंद्रा ने तोरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसएसपी ने तोरवा पुलिस के साथ ही एसीसीयू की संयुक्त टीम तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार जांच की जिम्मेदारी दी। संदेह के आधार पर मस्तुरी क्षेत्र के तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की घटना को स्वीकार कर लिया है। उनके कब्जे से कॉपर वायर का बंडल करीब 60 हजार रूपए का जब्त किया गया है। पुलिस ने मस्तुरी के रिस्दा निवासी तरुण मनहर उर्फ राजा पिता फागूराम मनहर, लाला उर्फ भगत केंवट और पेंडारी निवासी यशवंत धीरज उर्फ राजा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सस्ते में सामान दिलाने का झांसा, 15 लाख की ठगी

■ साला, पत्नी संग फरार हुआ आरोपी

**बिलासपुर।** फैक्ट्री व एजेंसी से सीधे सामानों की सप्लाई कर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर युवक से ठगी को अंजाम दिया गया है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कुदुदंड की है। आरोपी पत्नी और साले के साथ युवक से 15 लाख रूपए लेकर फरार हो चुका है। सिविल लाइन पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार माताचौरा सरकंडा निवासी फणीन्द्र तिवारी पिता गौरीशंकर तिवारी उम्र 28 ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि संतोष गुप्ता पिता सत्यनाराण गुप्ता आजाद चौक मंगला का रहने वाला है और मनीष ठाकुर के घर में किराए से रहता है। संतोष ने फैक्ट्री से डायरेक्ट संपर्क होने का झांसा देकर किराना सामान को बाजार से कम दर में उपलब्ध कराने का प्रलोभन दिया। फणीन्द्र ने झांसे में आकर संतोष को 20 दिसंबर 2025 को 50 हजार रूपए दिए, संतोष ने फैक्ट्री और एंजेंसी से सेटिंग का हवाला देकर व्यापार विहार से ही कम दाम पर सामान उपलब्ध कराया। इस दौरान संतोष लगातार कम दाम में सामान दिलाकर उसका विश्वास जीतने लगा और अलग-अलग स्कीम का लालच देकर ऑनलाईन एवं नगद से अबतक 15 लाख रूपए ले चुका है, लेकिन 26 मार्च के बाद वह फरार हो चुका है। इस दौरान उसका मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है। पुलिस ने शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया कि आरोपी की पतासाजी की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

### साला व पत्नी भी फरार

पुलिस के अनुसार बड़ी मात्रा में सामान देने एवं अधिक लाभ का झांसा की बात कह कर युवक से ठगी की गई है। इस दौरान आरोपी ने पत्नी का तबियत खराब होने की जानकारी दी और 2 दिन मोबाईल बंद कर दिया। और 26 मार्च को किराये के मकान से सफेद पिकप में पूरा सामान भरकर मकान खाली कर फरार हो चुका है।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, आरक्षक गिरफ्तार



■ दो बच्चो का बाप है आरक्षक

**बिलासपुर।** शादी का झांसा देकर एक युवती का 3 साल तक शारीरिक शोषण करने आरक्षक सनत मिरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी आरक्षक पूर्व में तखतपुर थाने में ही पदस्थ था और वर्तमान में बिलासपुर लाइन अटैच है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नए कानून की धारा बीएनएस 69 के तहत अपराध दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार तखतपुर थाने में पदस्थ आरक्षक सुमंत मिरी ने तखतपुर क्षेत्र की लड़की से 2023 में सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से जान पहचान हो गई। धीरे-धीरे जान-पहचान दोस्ती और फिर प्यार में बदल गई। आरक्षक ने युवती को अपने जाल में फंसाया और शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। युवती का आरोप है कि आरोपी पिछले तीन साल से लगातार उसका यौन शोषण कर रहा है। इस दौरान आरक्षक का तबादला बिलासपुर होने के बाद भी लगातार पीड़िता को शादी झांसा देता रहा है। उसने पीड़िता से अपनी शादी और दो बच्चे की बात भी छिपाई है।

युवती को इसकी जानकारी मिलने के बाद वह लगातार शादी का दबाव बना रही थी, लेकिन आरोपी आरक्षक शादी से बचता रहा है। पुलिस ने युवती की शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज कर लिया है। तखतपुर पुलिस ने आरोपी आरक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।












## खबर संक्षेप

### भर्रीडांड़ में डीएलपी महाअभियान प्रशिक्षण



**भर्रीडांड़।** मध्य मंडल मरवाही के ग्राम भर्रीडांड में डीएलपी महाअभियान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिला अध्यक्ष लालजी यादव, जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह दीक्षित, मंडल अध्यक्ष अजय रजक, मंडल महामंत्री संदीप मिश्रा, रोहित जोगी, प्रमोद राय, जोगिंदर श्याम, गजाधर त्रिपाठी, ओंकार ओट्टी, अंजोर दास, प्रकाश यादव, शरद राय, अनिल कुमार अहिरवार, पोखन लाल रजक, अंजोर दास, गणेश प्रसाद केवट, जगत प्रसाद, संतराम केवट, सहदेव सिंह मरावी, देव सिंह, शिव शंकर मरावी, एवन सिंह कंवर, सिंपी साहू, सुशीला, गीतांजलि मरावी, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष पार्वती चंद्र, प्रताप चंद्र, ओमप्रकाश केवट, लालमन केवट, राम बल्लभ चंद्र, संजय यादव, गणेश सिंह करियाम, सागर प्रसाद केवट सहित अन्य मौजूद थे। इस मौके पर पौधरोपण किया गया।

### बेलगहना आश्रम में मना कबीर प्राकट्य उत्सव



**बेलगहना।** कबीर आश्रम में कबीर साहेब का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ नवलदास एवं अनसुया मानिकपुरी ने कबीरदास के भजनों का गायन किया। इस अवसर पर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। उन्होंने कबीर साहेब के जीवन के बारे मे संक्षिप्त जानकारी दी। कार्यक्रम में शिवदत्त पाण्डेय, मनोज बाजपेई के आलावा समाज के कोटा ब्लॉक के अध्यक्ष भरत दास, जिलाअध्यक्ष शंभू दास, फेकू दास, दिवान उमेदी दास, आश्रम प्रमुख लखन दास राजेश ठाकुर आत्माराम साहू त्रिभुवन दास रविदास मानसिंह गौतम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बेलगहना के मुख्य चौक पर प्रसाद वितरण किया गया।

### अशोक कुमार को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



**जरहागांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पदमपुर में पूर्व डीएमसी एवं व्याख्याता अशोक कुमार कश्यप के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी. डाहिरे तथा विद्यालय के प्राचार्य रमेश सिंह ठाकुर ने सेवानिवृत्ति उपरांत देय समस्त भुगतान संबंधी दस्तावेज जीआईएस (GIS), अर्जित अवकाश नगदीकरण एवं ग्रेच्युटी की पीपीए सौंपा। सम्मान समारोह में ग्राम पंचायत पदमपुर द्वारा राधा-कृष्ण की विशाल चित्र-फ्रेम भेंट कर उज्वल भविष्य की कामना की गई। वहीं विद्यालय एवं संकुल पदमपुर परिवार की ओर से चांदी का राम दरबार स्मृति-चिह्न स्वरूप प्रदान किया गया। साथ ही उनका सम्मान किया गया। भावनात्मक वातावरण में आयोजित इस समारोह में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा शिक्षा जगत से जुड़े अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता मुकेश सोनवानी ने एवं प्राचार्य रमेश सिंह ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

### जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री बने शीतल दास

**बेलतरा।** जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर के अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री की अनुशंसा पर बेलतरा



विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता शीतल दास मानिकपुरी को जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर का महामंत्री नियुक्त किया गया है। वे बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेलतरा में सामाजिक सेवा में अग्रणी भूमिका निभाते हुए अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी ने उनके कार्य क्षमता अनुभव को देखते हुए उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री की दायित्व दिया है।

### सत्येंद्र बने कांग्रेस के जिला सचिव

**मल्हार।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति व अनुमोदन के बाद बिलासपुर जिला



कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिलाध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमे नगर पंचायत मल्हार के सत्येंद्र साहू को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए जिला सचिव बनाया है। सत्येंद्र साहू लंबे समय से मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के सिपाही के रूप में काम कर रहे है इसी समर्पण भाव को देखते हुए उनकी नियुक्ति की गई है अब वे पार्टी के लिए समर्पित होकर सक्रिय रूप से कांग्रेस के विचारधारा को लोगो तक पहुचाएंगे।

### बीईओ ने दर्जनभर स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

# नशे की हालत में मिला सहायक शिक्षक, निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

शाला खुलने के बाद विकास खण्ड के विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति एवम पढ़ाई लिखाई नियमित कराने पथरिया बीईओ प्रतिभा मण्डलोई प्रतिदिन दर्जनभर स्कूलों का औचक निरीक्षण कर रही हैं। इसी के अंतर्गत शुक्रवार को विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मण्डलोई ग्राम सोनपुरी पहुंची।

■ प्राथमिक शाला सोनपुरी का मामला

प्राथमिक शाला सोनपुरी में निरीक्षण दौरान शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक एल्बी महाजन जाटवर नशे के हालत में मिला जिसे देखकर बीईओ ने जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा पहले से पत्र जारी कर नशेड़ी शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया गया है उसके बाद भी नशा कर विद्यालय आना घोर आपत्तिजनक है।



#### तत्काल हुई कार्रवाई

शिक्षक द्वारा शराब पीने की आधिकारिक पुष्टि के बाद बीईओ ने तत्काल उक्त शिक्षक का निलंबन प्रस्ताव जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली एलपी डाहीरे को भेजा और फोन पर सारी जानकारी देते हुए कार्रवाई की बात कही जिस पर एक घण्टे के अंदर जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली ने उक्त शिक्षक का निलंबन आदेश जारी कर दिया।

#### तो संस्था प्रमुखों पर होगी कार्रवाई

विकास खंड शिक्षा अधिकारी मण्डलोई ने विकास खण्ड के सभी संकुल समन्यकों और संस्था प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि संस्था में किसी प्रकार का नशा करने वाले शिक्षकों की सूचना तत्काल दें। उन्हें बचाने का प्रयास करने पर संस्था प्रमुखों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जुलाई माह के अंत तक विकास खण्ड के सभी स्कूलों में एक एक बार पहुंचने का अभियान चलाया जा रहा है जिससे विद्यालय लगने और नियमित अध्यापन कार्य नियमानुसार कराया जा सके।

इसी बीच उन्होंने तत्काल शिक्षक का डॉक्टरी मुलाहिजा कराया जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। ग्राम के सरपंच और ग्रामीणों के बीच पंचनामा बनाया गया। इस दौरान शराबी शिक्षक बीईओ के पैर पर गिरकर लगातार माफी मांगता रहा, लेकिन कार्रवाई से नहीं बच सका।

## कोटा विकासखण्ड में मनाया गया सहकारिता सप्ताह



**करगीरोड कोटा।** केंद्र सरकार में सहकारिता मंत्रालय के 5 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में वर्तमान में सहकारिता सप्ताह 29 जून से 4 जुलाई तक मनाया जा रहा, जिसके परिपेक्ष्य में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार बिलासपुर जिले में उपायुक्त सहकारिता सी एस जायसवाल के मार्गदर्शन में सहकारी समितियों में भी सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है। कोटा विकासखण्ड के विभिन्न सहकारी समितियों में भी सहकारिता ध्वजा रोहण, केसीसी कार्ड वितरण, माइक्रो एटीएम, पौधरोपण इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। साथ ही सहकारिता के माध्यम से किसानों के विकास में भूमिका व महत्व के बारे मे किसानों को अवगत कराया जा रहा है। जिसमे बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी कर्मचारी की सहभागिता हो रही है। आदिवासी सेवा सहकारी समिति कोटा और अमाली में समिति प्रांगण में सहकारिता सीईओ, जनप्रतिनिधि, किसान बंधु तथा समिति के समस्त कर्मचारियों के द्वारा पौधरोपण किया गया व केसीसी कार्ड वितरित किया गया। किसानों को पेड़ लगाने और उसके महत्व के बारे में जानकारी दी गई। सभी किसानों को अधिक से अधिक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। सहकारिता सप्ताह के तहत समिति में नए किसानों को सदस्य बनाया जा रहा है। उन्हें खाद बीज नकद ऋण वितरण किया जा रहा है।

### दिया हरियाली का संदेश, समिति में पौधरोपण

जरहागांव। सहकारिता स्थापना दिवस पर सहकारी समिति जरहागांव द्वारा प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन को समर्पित पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति परिसर को हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस आयोजन में प्रबंधक जायसवाल, अध्यक्ष विजय दीवान, अभिषेक जायसवाल, संतोष साहू,



शगुन कश्यप, नारायण कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुए हरित और स्वच्छ ग्राम निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। सहकारिता स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित यह वृक्षारोपण कार्यक्रम सामाजिक सहभागिता, पर्यावरणीय चेतना और सामूहिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरा। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे, तो आने वाले समय में हरित, स्वस्थ और समृद्ध पर्यावरण का सपना साकार किया जा सकता है।

### मल्हार में किसानों को दी योजनाओं की जानकारी

मल्हार। सहकारिता विभाग के पांच वर्ष पूर्ण होने पर सहकारिता मंत्रालय एवं छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले में 29 जून से सहकारी सप्ताह का



आयोजन किया गया। सप्ताहभर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाने, सहकारी समितियों की गतिविधियों का विस्तार करने तथा आमजन एवं कृषकों को विभागीय योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मल्हार के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में कार्यक्रम आयोजित कर किसानों जानकारियां दी गई साथ ही बैंक परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष रंजीत सिंह ,शाखा प्रबंधक नरेन्द्र राय एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## सेवरा-धनपुर-सिवनी मार्ग निर्माण के लिए भू अर्जन प्रक्रिया में आई तेजी

**भर्रीडांड़।** कार्यालय कलेक्टर, एवं पदेन उप सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सेवरा-धनपुर-सिवनी मार्ग निर्माण के लिए मरवाही तहसील के ग्राम धनपुर तथा लरकेनी की भूमि के भू-अर्जन संबंधी प्रारंभिक अधिसूचनाएं जारी की गई हैं।

जारी अधिसूचनाओं के अनुसार ग्राम धनपुर (प.ह.न.-12) में 88 खसरा नंबरों की कुल 1.565 हेक्टेयर तथा ग्राम लरकेनी (प.ह.न.-12) में 39 खसरा नंबरों की कुल 3.614 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है। इस प्रकार सड़क निर्माण परियोजना के लिए दोनों ग्रामों की कुल 5.179 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जाएगी। उक्त भूमि का उपयोग लोक निर्माण विभाग, पेण्ड्रा संभाग द्वारा सेवरा-धनपुर-सिवनी मार्ग निर्माण के सार्वजनिक प्रयोजन के लिए किया जाएगा। भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 11(1) के तहत जारी अधिसूचनाओं के अनुसार संबंधित भूमि के हितबद्ध व्यक्ति अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भूमि के क्षेत्रफल, उपयुक्तता, लोक प्रयोजन की आवश्यकता अथवा सामाजिक समाघात अध्ययन के निष्कर्षों के संबंध में अपना दावा अथवा आपत्ति लिखित रूप से कलेक्टर के समक्ष स्वयं या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। दोनों प्रस्तावित भू-अर्जन से संबंधित भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मरवाही के कार्यालय में अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन नहीं होगा। साथ ही सामाजिक समाघात अध्ययन के अनुसार सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण अंतिम विकल्प के रूप में प्रस्तावित किया गया है तथा इससे होने वाला सामाजिक लाभ संभावित सामाजिक प्रभाव की तुलना में अधिक पाया गया है।अधिनियम, 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मरवाही को परियोजना के लिए पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।

### दृष्टिबाधित छात्र चंद्रभान को 12वीं में मिले 91 प्रतिशत अंक

**पथरिया।** ग्राम जूनवानी के दृष्टिबाधित छात्र चंद्रभान साहू दोनों आंखों से देखने में असमर्थ होने के बावजूद इस वर्ष कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में



91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चंद्रभान पथरिया नगर में संचालित पीएम श्री शासकीय विद्यालय के छात्र हैं। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों के बीच निरंतर मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। जहां सामान्य विद्यार्थियों के लिए भी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण माना जाता है, वहीं दृष्टिबाधित होने के बावजूद 91 प्रतिशत अंक अर्जित करना उनकी असाधारण प्रतिभा और अथक परिश्रम का प्रमाण है। इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने पिता अनिल साहू, दादा पदारथ साहू के साथ परिवार एंव विद्यालय के शिक्षकों तथा सभी शुभचिंतकों को दिया है।

## एक लाख से अधिक बच्चों को पिलाई गई जिंदगी की दो बूंद

**मुंगेली।** जिले में 28 से 30 जून 2026 तक संचालित तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान के दौरान जिले के कुल 1,19,792 बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थीं तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष व्यवस्थाएं की गईं।

अभियान के प्रथम दिवस जिले के 810 पोलियो बूथों पर 1,620 कर्मचारियों की तैनाती की गई। इन बूथों के माध्यम से जिले के सभी गांवों और शहरी क्षेत्रों में पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई



गई। प्रथम दिवस बूथों पर ही 1,10,905 बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। अभियान के दौरान ऐसे बच्चों तक भी पहुंच सुनिश्चित की गई जो सामान्य बूथों तक नहीं पहुंच सके। इसके लिए बस स्टैंड, ट्रांजिट प्वाइंट, ईंट-भट्टों, छात्रावासों, मलिन बस्तियों, अस्थायी रूप से रहने वाले परिवारों, निर्माण स्थलों तथा अन्य छूटे हुए क्षेत्रों में विशेष ट्रांजिट एवं मोबाइल टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने लगातार भ्रमण कर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का कार्य किया। अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन 29 और 30 जून 2026 को सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा सहयोगियों ने घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया तथा पहले दिन किसी कारणवश छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई।

## मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं डाक्टर्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों को उनके समर्पण, उत्कृष्ट सेवाओं एवं समाज के प्रति अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यालयीन कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शीला साहा एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार को बुके भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि कठिन परिस्थितियों में भी मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज को स्वस्थ एवं सुरक्षित रखने में डॉक्टरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनके समर्पण एवं सेवाभाव के प्रति सभी को सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यालय के मुख्य लिपिक मनहरण लाल टाण्डे, जिला प्रबंधक लेखा कल्याणी पटेल, जिला प्रबंधक डाटा शैलेष देवांगन, जिला प्रबंधक डाटा आईडीएसपी ओमप्रकाश साहू, फायनेंस एण्ड लॉजिस्टिक आफिसर शैलेन्द्र मण्डलोई, सहायक ग्रेड-2 योगेंद्र भास्कर, उमेश देवांगन, संगणक सरस्वती बघेल, जिला प्रबंधक-प्रशिक्षण एचआर उदयभानु सिंह बंजारे, डीपीएचएनओ रंजीता निर्मलकर सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## सेवा की भावना हमारे भाव में प्रकट होः शुक्ला



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय जनप्रतिनिधि स्तर की बैठक अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में हुई।

■ भाजपा की जिला स्तरीय जनप्रतिनिधियों की बैठक

बैठक के मुख्य अतिथि संभाग सह-प्रभारी अभिषेक शुक्ला ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्गदर्शन एकात्म मानव वाद के सिंद्धांत पर कार्य करने वाला दल है। हम अन्य राजनैतिक दलों से भिन्न हैं। जनप्रतिनिधि के रूप में हमारी जवाबदेही बनती है कि संगठन सिद्धांत मंशा के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक सेवा का करने का जनआदेश केंद्र से लेकर राज्य तक भारतीय जनता पार्टी को मिला है, इसे धरातल पर उतारने की जवाबदेही स्थानीय जनप्रतिनिधयों की बनती है तथा उस अनुरूप सेवा की भावना हमारे भाव में प्रकट हों। भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संगठन व शासन के मध्य एक वैचारिक जुड़ाव के साथ ही परिवार भाव के साथ मिलकर जनकल्याण को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करने व जिले में चल रहे विकास कार्यो पर अपने विचार रखे व मुंगेली जिले को विकसित जिला समृद्ध कृषक जिला बनाने में हमारी भूमिकाओं पर अपने विचार रखें। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने संभाग सह-प्रभारी अभिषेक शुक्ला के समक्ष खुल कर अपने विचार रखें।

बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, भाजपा प्रदेश स्थायी आमंत्रित सदस्य गिरीश शुक्ला, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेष पाठक, जनपद अध्यक्ष मुंगेली रामकमल सिंह परिहार, जनपद अध्यक्ष पथरिया चित्ररेखा जांगड़े, जनपद अध्यक्ष लोरमी वर्षा सिंह ठाकुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष मुंगेली जयप्रकाश मिश्रा, नगर पालिका लोरमी अध्यक्ष सुजीत वर्मा, हुलसी वैष्णव, नरेश पटेल, रुपाली कश्यप, रजनी सोनवानी, अम्बालिका साहू, उमाशंकर साहू, डॉ. शिवकुमार बंजारा, पवन पांडेय आदि बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने की पौधरोपण अभियान की समीक्षा

# गीधा बाइपास पर 10 किमी क्षेत्र में किया जाएगा पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले को हरित, स्वच्छ और पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए गीधा बाईपास के लगभग 10 किलोमीटर लंबे मार्ग को आकर्षक एवं छायादार पौधों से विकसित किया जाएगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक लेकर पौधरोपण महाभियान की तैयारियों की समीक्षा की।

कलेक्टर ने कहा कि पौधरोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और संवर्धन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यदि हम लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करेंगे, तो आने वाले वर्षों में यही हरियाली जिले की नई पहचान बनेगी। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तैयारियां पूर्ण करने तथा अभियान



को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार ने बताया कि अभियान के तहत अमलतास, जैकारांडा, गुलमोहर एवं बकुल जैसी छायादार और आकर्षक प्रजातियों का पौधारोपण किया जाएगा। इन पौधों के माध्यम से पारिस्थितिक संतुलन को बढ़ावा देने, सड़क किनारे हरित आवरण विकसित करने तथा आमजन को स्वच्छ एवं सुखद वातावरण उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को जनभागीदारी का व्यापक स्वरूप दिया जा सके। बैठक में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के माध्यम से युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने अभियान के सफल संचालन के लिए पथरिया एसडीएम श्रीमती रेखा चंद्रा को नोडल अधिकारी तथा तहसीलदार अतुल वैष्णव को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाने की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) इनिशिएटिव के माध्यम से गीधा बाईपास के दोनों ओर छायादार एवं शोभायुक्त पौधों का रोपण किया जाएगा। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण को मजबूती देगी, बल्कि मार्ग को आकर्षक हरित कॉरिडोर के रूप में विकसित कर जिले की सुंदरता में भी उल्लेखनीय वृद्धि करेगी। जिला प्रशासन का यह महाअभियान पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और हरित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण की मजबूत नींव रखेगा। बैठक में राईस मिलर्स, जिले में संचालित इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### सुल्तान की जन्मजात पैरों की बीमारी का सफल ऑपरेशन

**मुंगेली।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की चिरायु योजना के तहत विकासखंड मुंगेली के ग्राम प्रतापपुर निवासी 10 वर्षीय मीर सय्यद सुल्तान अली का जन्मजात पैरों की बीमारी का सफल एवं निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया, जिसके बाद अब वह बिना किसी परेशानी के चल-फिर पा रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. गिरीश कुर्रे एवं चिरायु योजना के नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार के मार्गदर्शन में जिले में चिरायु योजना का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिरायु दल की चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोनिका कुर्रे एवं उनकी टीम ने मीर सय्यद सुल्तान अली के पैरों की जन्मजात समस्या की पहचान की। बच्चे के चलने में हो रही कठिनाई को देखते हुए टीम ने उसके परिवार को चिरायु योजना की जानकारी दी और उपचार की पूरी प्रक्रिया प्रारंभ कराई। इस सफलता में विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक मनीष गुप्ता, प्रभारी जिला आरएमएनसीएचएन सलाहकार डॉ. अखिलेश कुमार बंजारे, चिरायु टीम की डॉ. मोनिका कुर्रे, सती ध्रुव (एएनएम) एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय भूमिका रही।